www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

**मौसम**
अधिकतम तापमान 30.c
27.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**
सोना 98.755g
चांदी 107,000kg

2 क्या शशि थरूर और मनीष तिवारी ये बता रहे हैं कि कांग्रेस देश की बात नहीं करती?

किसान उत्सव दिवस पर 400 से अधिक किसानों का जमावड़ा 04

वर्ष :09 अंक :43 मुंबई , रविवार , 03 अगस्त 2025 पृष्ठ : 06 मूल्य : 2 : 00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### हरियाणा में कांवड़ियों से झगड़े के बाद सीआरपीएफ जवान की हत्या, तीन आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

हरियाणा के सोनीपत में 28 जुलाई को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान की उसके घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई। कुछ दिन पहले ही हरिद्वार में कांवड़ यात्रा के दौरान अपने ही गाँव के कुछ लोगों के साथ हुए झगड़े में उसका हाथापाई हुई थी। जवान कृष्ण कुमार की हत्या के सिलसिले में तीन आरोपियों को आज गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि जवान कृष्ण लगभग 30 साल का था और छुट्टी पर था। सोमवार तड़के घर लौट रहे कृष्ण पर गोली चलाने के बाद दोनों संदिग्ध फरार हो गए। स्थानीय पुलिस अधिकारी इंस्पेक्टर लाल सिंह ने बताया, कुछ दिन पहले कांवड़ यात्रा के दौरान गाँव के कुछ युवकों का उससे झगड़ा हो गया था। उनकी पहचान कर ली गई है। कृष्ण की हत्या की साजिश कथित तौर पर हरिद्वार तीर्थयात्रा पर जाने से पहले ही रची गई थी। पुलिस ने इंडिया टुडे टीवी को बताया कि कृष्ण के अलावा, आरोपियों ने आनंद उर्फ पहिया नामक एक और व्यक्ति की हत्या की भी योजना बनाई थी।

### साइबर अपराध में शामिल होने के आरोप में असम के दो लोग मणिपुर में गिरफ्तार

मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में अंतरराज्यीय साइबर अपराध गिरोह में शामिल होने के आरोप में असम के दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि दोनों को शुक्रवार को जिले के खुमन लम्पक इलाके के पास से गिरफ्तार किया गया। ये लोग कथित तौर पर म्यूल बैंक खातों का उपयोग करके साइबर अपराध गिरोह संचालित कर रहे थे। म्यूल खाते ऐसे बैंक खाते होते हैं जिनका इस्तेमाल साइबर अपराधी गैरकानूनी गतिविधियों से प्राप्त धन को प्राप्त करने और हस्तांतरित करने के लिए करते हैं। उन्होंने बताया कि वे असम के बारपेटा और चिरांग जिलों के रहने वाले थे। अधिकारी ने कहा, गिरफ्तार किए गए लोग एक आपराधिक गिरोह के सदस्य हैं और उन्हें लोगों के आधार कार्ड तथा बैंक खाते के विवरण जैसे संवेदनशील विवरण एकत्र करने का काम सौंपा गया था।

# पाकिस्तान के दर्द को बर्दाश्त नहीं कर पा रही कांग्रेस और समाजवादी पार्टी

## प्रधानमंत्री ने काशी को दी 2200 करोड़ रुपए की 52 परियोजनाओं की सौगात

**सौगात**

▶▶ मोदी ने कहा कि वोटबैंक और तुष्टिकरण की इस राजनीति में समाजवादी पार्टी भी कम नहीं है। उनके नेता सवाल कर रहे थे कि पहलगाम के आतंकवादी इसी दिन क्यों मारे गए? क्या मुझे कोई भी कार्रवाई करने से पहले उनसे फोन करके पूछना चाहिए?

एजेंसी

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर भारत के जवाबी हमले, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को भगवान महादेव को समर्पित किया। इसके साथ ही मोदी ने कहा कि सबको समझ आ रहा है कि पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। लेकिन कांग्रेस और समाजवादी पार्टी, पाकिस्तान के दर्द को बर्दाश्त नहीं कर पा रही हैं। पाकिस्तान रो रहा है, और यहाँ कांग्रेस और समाजवादी पार्टी, आतंकवादियों की हालत देखकर रो रहे हैं। कांग्रेस लगातार हमारी सेना के पराक्रम का अपमान कर रही है। कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर को 'तमाशा' बताया है। मोदी ने कहा कि वोटबैंक और तुष्टिकरण की इस राजनीति में समाजवादी पार्टी भी कम नहीं है। उनके नेता सवाल कर रहे थे कि पहलगाम के आतंकवादी इसी दिन क्यों मारे गए? क्या मुझे कोई भी कार्रवाई करने से पहले उनसे फोन करके पूछना चाहिए? कोई भी समझदार व्यक्ति बता सकता है कि क्या हमें आतंकवादियों को मारने के लिए इंतजार करना चाहिए? क्या हमें उन्हें भागने का मौका देना चाहिए था? ये वही लोग हैं जो सत्ता में रहते हुए आतंकवादियों को क्लीन चिट दे देते थे, और अब जब आतंकवादी मारे जा रहे हैं तो बौखला रहे हैं। उन्हें ऑपरेशन का नाम 'सिंदूर' रखने से भी दिक्कत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुर्भाग्य से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर हमारे देश के कुछ लोगों को भी पेट में दर्द हो रहा है। ये कांग्रेस पार्टी और उनके चेले-चपाटे, उनके दोस्त... इस बात को पचा नहीं पा रहे हैं कि भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया है। मोदी ने कहा कि शिव का एक रूप कल्याण है, तो दूसरा रूप रुद्र रूप भी है। सामने जब आतंक और अन्याय होता है, तब हमारे महादेव... रुद्र रूप धारण करते हैं।




### यह नया भारत है, दुश्मन के घर में घुसकर खात्मा करने का माद्दा रखता है..., पीएम मोदी के सामने बोले सीएम योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी दौरे के दौरान उनका अभिनंदन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने लगभग 2,200 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐसे समय में काशी पहुंचे हैं जब दुनिया ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत की ताकत और संकल्प को देखा है। यह नया भारत है, जिसके पास पहलगाम हमले के दोषियों को सजा दिलाने की क्षमता और साहस दोनों है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में हुए सैन्य अभियान ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए आदित्यनाथ ने कहा, इस नए भारत में आतंक के दोषियों को धूल चटाने और दुश्मनों की सीमा में घुसकर उनका सफाया करने का साहस है। उन्होंने कहा, ह्लऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद आज प्रधानमंत्री मोदी का काशी आगमन हुआ है। उत्तर प्रदेश की जनता की ओर से, मैं प्रधानमंत्री का स्वागत और अभिनंदन करता हूं। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत की शक्ति व सामर्थ्य का अहसास किया है। उन्होंने कहा कि नया भारत पहलगाम के अपराधियों को मिट्टी में मिलाकर और दुश्मन के घर में घुसकर उसका खात्मा करने का माद्दा रखता है। मुख्यमंत्री ने कहा, ह्लप्रधानमंत्री मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय राजनेता हैं।

### जो जितना पिछड़ा, उसे उतनी ही ज्यादा प्राथमिकता

मोदी के विकास मंत्र जो जितना पिछड़ा, उसे उतनी ही ज्यादा प्राथमिकता का उल्लेख करते हुए उन्होंने हाल ही में मंजूर की गई प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का जिक्र किया। इस योजना पर 24 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, और इसका फोकस उन पिछड़े जिलों पर होगा जहां कृषि उत्पादन और आमदनी कम है। सरकार बीज से बाजार तक किसानों के साथ है। सिंचाई योजनाओं में लाखों करोड़ रुपये लगाए जा रहे हैं। मौसम की चुनौतियों से निपटने के लिए पीएम फसल बीमा योजना के तहत अब तक पौने दो लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का क्लेम किसानों को दिया गया है।

# अगर 2024 के लोकसभा चुनाव में धांधली न हुई होती तो मोदी आज प्रधानमंत्री न होते

> सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने दावा किया पिछले लोकसभा चुनाव में करीब 100 सीट पर धांधली हुई है और अगर इनमें से 15 सीट पर भी धांधली नहीं हुई होती, तो नरेन्द्र मोदी आज देश के प्रधानमंत्री नहीं होते।

एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि वह राजा नहीं बनना चाहते और इसकी अवधारणा के ही खिलाफ हैं। उन्होंने यह बात संवैधानिक चुनौतियाँः परिप्रेक्ष्य और रास्ते विषय पर एक दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कही। जैसे ही उन्होंने अपना संबोधन शुरू किया, विज्ञान भवन हॉल में मौजूद समर्थकों ने इस देश का राजा कैसा हो, राहुल गांधी जैसा होर के नारे लगाने शुरू कर दिये। इस पर, गांधी ने जवाब दिया, नहीं बॉस, मैं राजा नहीं हूं। राजा बनाना भी नहीं चाहता हूं। मैं राजा के खिलाफ हूं, अवधारणा के भी खिलाफ हूं। वहीं, सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने दावा किया पिछले लोकसभा चुनाव में करीब 100 सीट पर धांधली हुई है और अगर इनमें से 15 सीट पर भी धांधली नहीं हुई होती, तो नरेन्द्र मोदी आज देश के प्रधानमंत्री नहीं होते। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कांग्रेस के विधि, मानवाधिकार और आरटीआई विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय विधिक सम्मेलन में इस बात को फिर से दोहराया कि कर्नाटक के एक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता सूची में हेरफेर के जो सबूत मिले हैं, वो एटम बम की तरह हैं। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों में इसका सबूत दिया जाएगा कि कैसे लोकसभा चुनाव में धांधली हुई। उनके नए दावे पर निर्वाचन आयोग की तरफ से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। उन्होंने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, आज (नरेन्द्र मोदी) प्रधानमंत्री पद पर बहुत ही साधारण बहुमत के साथ हैं। हमारा मानना है कि (लोकसभा चुनाव में) 70,80 या 100 सीट तक पर धांधली हुई है। यदि 15 सीट पर भी धांधली नहीं हुई

### 'चुनाव आयोग अब है ही नहीं', राहुल गांधी का आरोप, 2024 के लोकसभा चुनाव में हुई धांधली

दिल्ली में वार्षिक कानूनी सम्मेलन 2025 में बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि हम आने वाले कुछ दिनों में आपको साबित कर देंगे कि कैसे लोकसभा चुनाव में धांधली हो सकती है और धांधली हुई थी। कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार और देश में चुनावी प्रक्रिया पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि 2024 के आम चुनावों में धांधली हुई है। दिल्ली में वार्षिक कानूनी सम्मेलन 2025 में बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि हम आने वाले कुछ दिनों में आपको साबित कर देंगे कि कैसे लोकसभा चुनाव में धांधली हो सकती है और धांधली हुई थी। कांग्रेस नेता ने आगे दावा किया कि भारत की चुनाव प्रणाली ध्वस्त हो चुकी है। उन्होंने आगे कहा, ₹सच्चाई यह है कि भारत में चुनाव प्रणाली पहले ही खत्म हो चुकी है।



# मालेगांव ब्लास्ट में मोदी का नाम ले लो तो तुम्हें नहीं पीटेंगे, छोड़ देंगे...

## प्रज्ञा ठाकुर का हैरान करने वाला खुलासा



एजेंसी

2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में विशेष एनआईए अदालत द्वारा प्रज्ञा ठाकुर को बरी किए जाने के कुछ दिनों बाद, पूर्व भाजपा सांसद ने एक चौंकाने वाला दावा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें ₹प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और अन्य के नाम लेने के लिए मजबूर किया गया और प्रताड़ित किया गया। उन्होंने कहा कि मैंने सब कुछ लिखित में दे दिया है और उन सभी के नाम भी बताए हैं जिनका नाम लेने के लिए मुझे मजबूर किया गया था। वे कहते रहे, 'इन लोगों के नाम बताओ तो हम तुम्हें नहीं मारेंगे।' उनका मुख्य उद्देश्य मुझे प्रताड़ित करना था। तत्कालीन यूपीए सरकार पर निशाना साधते हुए प्रज्ञा ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस इस झूठे मामले के पीछे है, जो भगवा और सशस्त्र बलों को बदनाम करने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा है। इसे धर्म की जीत बताते हुए प्रज्ञा ने कहा, कांग्रेस ने अपनी साजिश के तहत यह झूठा मामला दर्ज कराया। इसका कोई आधार नहीं था। कांग्रेस धर्म विरोधी है। यह आतंकवादियों को पालने वाली पार्टी है। कांग्रेस कभी राष्ट्रवादी पार्टी नहीं बन सकती।

> तत्कालीन यूपीए सरकार पर निशाना साधते हुए प्रज्ञा ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस इस झूठे मामले के पीछे है, जो भगवा और सशस्त्र बलों को बदनाम करने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा है। इसे धर्म की जीत बताते हुए प्रज्ञा ने कहा, कांग्रेस ने अपनी साजिश के तहत यह झूठा मामला दर्ज कराया। इसका कोई आधार नहीं था।

# प्रज्वल रेवन्ना को रेप केस में उम्र कैद, कोर्ट ने पीड़ित को 7 लाख देने को कहा

## पूर्व प्रधानमंत्री के पोते को कल दोषी ठहराया था

एजेंसी

मैसूरु, बेंगलुरु की स्पेशल कोर्ट ने शनिवार को पूर्व खऊर सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना को नौकरानी से रेप केस में उम्र कैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने रेवन्ना पर 10 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया। साथ ही पीड़ित को 7 लाख रुपए का मुआवजा देने का भी आदेश दिया। कोर्ट ने शुक्रवार को रेवन्ना को दोषी ठहराया था। रेवन्ना ने कोर्ट में कम सजा देने की अपील करते हुए दावा किया था कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है। दरअसल, रेवन्ना के परिवार के फार्महाउस में काम करने वाली 47 साल की महिला ने पिछले साल अप्रैल में रेवन्ना के खिलाफ केस दर्ज कराई थी। इसमेंरेवन्ना पर 2021 से कई बार रेप करने और किसी को भी घटना के बारे में बताने पर वीडियो लीक करने की धमकी देने का आरोप लगाया था। कोर्ट ने 18 जुलाई को इस मामले की सुनवाई पूरी की थी। रेवन्ना के खिलाफ रेप, ताक-झांक, आपराधिक धमकी और अश्लील तस्वीरें लीक करने सहित कई धाराओं के तहत आरोप तय किए थे। उसके खिलाफ रेप के कुल 4 मामले दर्ज हैं। इनमें से यह पहला केस है, जिसमें उसे दोषी ठहराया गया है। पिछले साल, रेवन्ना के सोशल मीडिया पर 2,000 से ज्यादा अश्लील वीडियो क्लिप सामने आए थे। 2024 के लोकसभा चुनावों में रेवन्ना ने कर्नाटक की हासन संसदीय सीट पर दूसरी बार चुनाव लड़ा था, लेकिन वह अपनी सांसदी नहीं बचा सका। उसके खिलाफ दर्ज मामलों के बाद खऊर ने उसे पार्टी से निलंबित भी कर दिया था। प्रज्वल देश छोड़कर 35 दिन गायब रहे, एयरपोर्ट से गिरफ्तारी हुई कर्नाटक सेक्स स्कैंडल में नाम सामने आने से पहले प्रज्वल रेवन्ना 2024 लोकसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार में व्यस्त था।

> प्रज्वल पर कई महिलाओं से यौन उत्पीड़न का आरोप पिछले साल प्रज्वल रेवन्ना का नाम कर्नाटक सेक्स स्कैंडल में सामने आने के बाद चर्चा में आया था। उस पर 50 से ज्यादा महिलाओं से यौन उत्पीड़न का आरोप है। उनके खिलाफ रेप, छेड़छाड़, ब्लैकमेलिंग और धमकी देने के आरोपों से जुड़े अब तक 4 केस दर्ज की गई हैं।



### भारत में दस लाख आबादी में एक व्यक्ति करता है अंगदान : सरकारी आंकड़े

एजेंसी

नई दिल्लीः भारत में अंगदान की दर अभी भी प्रति दस लाख जनसंख्या पर एक से भी कम है. इसका खुलासा शनिवार को सरकारी आंकड़ों से हुआ. यद्यपि भारत में प्रत्यारोपणों की संख्या 2013 में 4990 से बढ़कर 2023 में 18378 हो गई है और जनवरी से दिसंबर 2024 तक 18911 प्रत्यारोपणों की सूचना दी गई है, इसके बाद भी अंगदान की दर प्रति मिलियन जनसंख्या पर 1 से भी कम है.यह विश्व में सबसे अधिक स्पेन में प्रति दस लाख जनसंख्या पर लगभग 48 के विपरीत है.

# दुर्ग में गिरफ्तार दो ननों और एक अन्य को एनआईए कोर्ट से मिली जमानत

## मानव तस्करी और धर्मांतरण केस में आया फैसला

> अभियोजन पक्ष द्वारा जमानत याचिका का विरोध करने और यह तर्क देने के बावजूद कि मामला जाँच के प्रारंभिक चरण में है, अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। दोनों कैथोलिक ननों को पिछले हफ़्ते छत्तीसगढ़ के दुर्ग रेलवे स्टेशन पर हिरासत में लिया गया था।

एजेंसी

छत्तीसगढ़ में मानव तस्करी और जबरन धर्म परिवर्तन के आरोप में गिरफ्तार केरल की ननों को शनिवार को एक विशेष एनआईए अदालत ने जमानत दे दी। अदालत ने दो ननों सहित तीन लोगों की जमानत याचिका स्वीकार कर ली। दोनों ननों, सिस्टर वंदना फ्रांसिस और प्रीति के अलावा, तीसरे आरोपी सुखमन मंडावी को भी जमानत दे दी गई है। तीनों को 50-50 हजार रुपये का मुचलका भरना होगा और अदालत में अपने पासपोर्ट भी जमा करने होंगे। एनआईए अदालत ने उनके देश छोड़ने पर भी रोक लगा दी है। ननों को जमानत देने के अदालती आदेश के बाद, सांसद जॉन ब्रिटास के नेतृत्व में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के कार्यकर्ताओं ने उस जेल के बाहर जश्न मनाया जहाँ आरोपी नन बंद हैं। अभियोजन पक्ष द्वारा जमानत याचिका का विरोध करने और यह तर्क देने के बावजूद कि मामला जाँच के प्रारंभिक चरण में है, अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। दोनों कैथोलिक ननों को पिछले हफ़्ते छत्तीसगढ़ के दुर्ग रेलवे स्टेशन पर हिरासत में लिया गया था।



# सीएम रेखा गुप्ता ने कर दिया बड़ा ऐलान

## दिल्ली में हर झुग्गी वालों को मिलेगा पक्का मकान

> दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के इस दृष्टिकोण के अनुरूप कि हर गरीब को अपना घर मिले, हम इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में काम कर रहे हैं। हमने निर्देश दिए हैं कि चाहे कोई भी एजेंसी हो, उन्हें झुग्गियों को नहीं तोड़ना चाहिए।

एजेंसी

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को सुल्तानपुरी में लंबे समय से खाली पड़े दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के लगभग 50,000 फ्लैटों का निरीक्षण किया और कहा कि भाजपा गरीबों को आवास, सुरक्षा और बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही, उन्होंने एक दशक से भी ज्यादा समय से झुग्गीवासियों को फ्लैट आवंटित न करने के लिए पिछली सरकारों की आलोचना की। अपने दौरे के दौरान, मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा कि 2011 में निर्मित लगभग 50,000 फ्लैट एक दशक से भी ज्यादा समय से अप्रयुक्त पड़े हैं।



**निशाना** पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती का भाजपा पर भाजपा पर निशाना

# जम्मू-कश्मीर में केंद्र की नीति पूरी तरह विफल

एजेंसी

नयी दिल्ली। अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण की छठी वर्षगांठ से पहले, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर कड़ा हमला बोलते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा छीनने की नीति पूरी तरह विफल हो गई है। शनिवार को जम्मू में पत्रकारों को संबोधित करते हुए, मुफ्ती ने कहा कि 5 अगस्त, 2019 को पूरे छह साल बीत चुके हैं। उस समय, जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा छीन लिया गया था और अनुच्छेद 370 को इस दावे के साथ रद्द कर दिया गया था कि जम्मू-कश्मीर में सब कुछ ठीक हो जाएगा। लेकिन हमने देखा है कि यह नीति पूरी तरह विफल रही है। मुफ़्ती ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में आंतरिक स्थिति सुधरने के बजाय और बिगड़ गई है, और उन्होंने सुरक्षा बलों की लगातार हो रही कार्रवाई की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आंतरिक स्थिति खराब है। पिछले छह सालों से रोजाना गिरफ़्तारियाँ हो रही हैं। जम्मू-कश्मीर में हालात पहले से भी बदतर हो गए हैं, हालाँकि आज लोग चुप हैं। यही वजह है कि हमारा देश पाकिस्तान से टकराव की स्थिति में आ गया है। पाकिस्तान की हैसियत क्या है? उनकी अर्थव्यवस्था हमारी अर्थव्यवस्था का दसवाँ हिस्सा भी नहीं है, फिर भी आज पूरी दुनिया हमारी तुलना उनसे कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा की आक्रामक नीति और क्षेत्रीय कूटनीति पर इसके व्यापक प्रभाव की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से, भाजपा ने देश में ऐसा माहौल बना दिया है कि आज सभी समूह कह रहे हैं, आप युद्धविराम पर क्यों सहमत हुए? यह भाजपा की आक्रामक नीति है। अगस्त 2019 में, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया, जिससे जम्मू और कश्मीर को दिया गया विशेष दर्जा प्रभावी रूप से समाप्त हो गया और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों - जम्मू और कश्मीर और लद्दाख में विभाजित कर दिया गया। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और तत्कालीन राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में पुनर्गठित करने के बाद से जम्मू और कश्मीर में क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की ओर से राज्य का दर्जा बहाल करना एक प्रमुख मांग रही है।



> जम्मू में पत्रकारों को संबोधित करते हुए, मुफ्ती ने कहा कि 5 अगस्त, 2019 को पूरे छह साल बीत चुके हैं। उस समय, जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा छीन लिया गया था और अनुच्छेद 370 को इस दावे के साथ रद्द कर दिया गया था कि जम्मू-कश्मीर में सब कुछ ठीक हो जाएगा। लेकिन हमने देखा है कि यह नीति पूरी तरह विफल रही है।

# शिवराज सिंह चौहान का बयान, किसानों की आय बढ़ाने के प्रयास निरंतर जारी




> शिवराज सिंह चौहान ने आगे कहा कि मैं किसानों का सेवक हूँ और किसानों की सेवा करना ईश्वर की पूजा के समान है। आज हम किसानों के बीच गए और उनसे मिले... किसान जो चाहेगा, खरीदेगा; उसे खाद के साथ-साथ अन्य चीजें खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बिहार दौरे पर आए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर किसानों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चला रही हैं और किसानों की आय बढ़ाने के लिए अथक प्रयास कर रही हैं। पटना में पत्रकारों से बातचीत में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत लगभग 21,000 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई और केंद्र व राज्य सरकारें मिलकर किसानों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चला रही हैं। किसानों की आय बढ़ाने के प्रयास निरंतर जारी हैं। शिवराज सिंह चौहान ने आगे कहा कि मैं किसानों का सेवक हूँ और किसानों की सेवा करना ईश्वर की पूजा के समान है।

आज हम किसानों के बीच गए और उनसे मिले... किसान जो चाहेगा, खरीदेगा; उसे खाद के साथ-साथ अन्य चीजें खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता... किसानों के साथ इस तरह की जबरदस्ती बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हम सख्त कार्रवाई करेंगे।

# मुझे गिरफ्तार करके दिखाओ...

## मनसे चीफ राज ठाकरे की चुनौती पर सीएम फडणवीस दे दिया करारा जवाब

**महाराष्ट्र में हिंदी-मराठी भाषा विवाद के में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने अब जमीन का मुद्दा भी जोड़ दिया है। शनिवार को एक बार फिर राज ठाकरे ने भाषा विवाद को उठाया। इस मौके पर उन्होंने जनसुरक्षा कानून का जिक्र किया और गिरफ्तार करने की चुनौती दी।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई/नागपुरः महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय के चुनावों से पहले राज्य की राजनीति गरमाती जा रही है। शनिवार को मनसे चीफ राज ठाकरे ने रायगढ़ में हिंदी-मराठी भाषा विवाद के जमीन के मुद्दे को जोड़ दिया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के गृह राज्य गुजरात में कृषि जमीन कोई नहीं खरीद सकता है। राज ठाकरे ने इस मौके पर मानसून सत्र में कुछ बदलावों के साथ पारित हुए जन सुरक्षा अधिनियम पर सवाल खड़े किए और कहा कि सरकार ने उन्हें गिरफ्तार करके दिखाएं। इसका जवाब देते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि अगर आप अर्बन नक्सल की तरह व्यवहार करेंगे, तो आपको भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बाहर से आकर जमीन खरीदना और अपनी मर्जी से अराजकता फैलाना काम नहीं आएगा। अब सरकार एक कानून लेकर आई है। अगर आप किसी परियोजना का विरोध करते हैं, तो सरकार आपको गिरफ्तार कर सकती है। गिरफ्तार करके देखिए, मैं मराठी लोगों की कब्रों पर उद्योग नहीं लगने दूंगा। अगर उद्योग लगाने हैं, तो मराठी लोगों को उसमें शामिल करना होगा।अर्बन नक्सल बनेंगे तो...महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे रायगढ़ में शेतकर कामगार पार्टी की 78वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान राज ठाकरे ने जन सुरक्षा अधिनियम को लेकर सरकार पर निशाना साधा।

# रमी खेलने वाले कोकाटे को खेल मंत्री बनाकर घिरे अजीत पवार, विपक्ष और अपनों ने नए सिरे से रगड़ा नमक

**महाराष्ट्र में पिछले काफी दिनों मंत्री माणिकराव कोकाटे के सदन के अंदर मोबाइल पर रमी गेम खेलने को लेकर सियायत गरमाई हुई थी। डिप्टी सीएम अजित पवार द्वारा खेल मंत्री बनाए जाने बाद विपक्ष ने नए सिरे से निशाना साधकर मुश्किलें बढ़ा दी हैं। यह ऐसे वक्त पर हो रहा है जब राज्य स्थानीय निकाय के चुनाव सामने हैं।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबईः राजनीति में एक सेट पैटर्न है कि अगर किसी मुद्दे पर सत्ता पक्ष झुकता है तो विपक्ष और अधिक हावी होता है। महाराष्ट्र में इन दिनों राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख और डिप्टी सीएम अजित पवार के साथ ऐसा ही कुछ हो रहा है। अजित पवार ने पहले धनंजय मुंडे का इस्तीफा लिया था। अब विधानसभा के अंदर सदन में मोबाइल पर रमी गेम खेलने वाले माणिकराव कोकाटे से कृषि विभाग छीनकर उन्हें खेल मंत्री बनाया है लेकिन इसके बाद भी उनकी मुश्किलें कम नहीं हो रही है। विपक्ष ने अजित पवार पर नए सिरे से हमला बोला है। रमी खेलने वाले को खेल मंत्री बनाने पर अजित पवार के अपनों के साथ विपक्षी नेताओं ने भी तंज कसे हैं।

### विपक्ष ने नए सिरे रगड़ा नमक

अजीत पवार ने मोबाइल फोन पर रमी खेलने को लेकर विवादों में फंसे माणिक राव कोकाटे से कृषि विभाग छीन कर उन्हें खेल व युवा मामलों का मंत्री बना दिया है, लेकिन अब जिस तरह से विपक्ष इस फैसले को लेकर नमक रगड़ है। उससे लगता है कि अजीत पवार फंस गए हैं। डीसीएम अजीत पवार ने सीएम देवेंद्र फडणवीस से विचार विमर्श करने के बाद कोकाटे से कृषि विभाग छीन कर उन्हें खेल व युवा मामलों का मंत्री बनाया है। नई व्यवस्था में वही अब तक तक खेल विभाग का काम देख रहे दत्तात्रेय भरणे नए कृषि मंत्री बन गए हैं। इस फैसले पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि रमी खेलने वाले को खेल मंत्री बना कर उन्हें उचित सम्मान दिया गया है अब रमी के खेल को ओलंपिक का दर्जा दे देना चाहिए। सपकाल यहीं नहीं रुके उन्होंने कहा कि रमी खेलने वाले को छत्रपति शिवाजी खेल सम्मान देना चाहिए।

### दानवे का प्रहार, सुप्रिया का निशाना

इस मुद्दे पर उद्धव ठाकरे गुट के नेता अंबादास दानवे ने महायुति सरकार को घेरते हुए कहा कि लगता है अब खेल विभाग में रमी की स्पर्धा आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि सिर्फ.विभाग बदल देना कार्रवाई नहीं है। माणिकराव कोकाटे को मंत्री पद से बेदखल किया जाना चाहिए था। कोकाटे के रमी खेलते हुए वीडियो साझा करने वाले रोहित पवार का कहना है कि भले ही कोकाटे का विभाग बदल दिया गया हो, लेकिन इससे उन्हें राहत नहीं मिलने वाली है। इस मुद्दे पर अजित पवार की चचेरी बहन और बारामती से सांसद सुप्रिया सुले ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि कोकाटे को इस्तीफा देने के लिए कहा जाना चाहिए था

फास्ट ट्रैक

# मध्य रेल के मुंबई मंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 (अप्रैल से जुलाई-2025) के लिए 7.43 मिलियन टन का रिकॉर्ड माल लदान दर्ज किया -

**पिछले 15 वर्षों में इस अवधि के दौरान अब तक का सर्वोच्च लदान**

भारत संबद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल के मुंबई मंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 (अप्रैल से जुलाई-2025) के लिए 7.43 मिलियन टन का उल्लेखनीय माल लदान दर्ज किया, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 की इसी अवधि में यह 7.32 मिलियन टन था, जो 1.5% की वृद्धि दशार्ता है ।यह पिछले 15 वर्षों में इस अवधि के दौरान अब तक का सर्वाधिक लदान है। जुलाई-2025 के दौरान, 2.04 मिलियन टन माल लदान किया गया, जबकि पिछले वर्ष इसी महीने में 1.88 मिलियन टन माल लदान किया गया था, जो 8.5% की उल्लेखनीय वृद्धि दशार्ता है। यह आंकड़ा पिछले 15 वर्षों में जुलाई माह के लिए अब तक का सर्वाधिक लदान है ।यह पहली बार है कि चालू वित्त वर्ष के दौरान किसी एक महीने में लोडिंग 2.00 मिलियन टन को पार कर गई है। कंटेनर लोडिंग में कई उपलब्धियाँ जुलाई 2025 में जेएनपीटी से कंटेनर लोडिंग 647 रेक के साथ अब तक का सबसे अधिक रिकॉर्ड किया गया है, जबकि जनवरी 2025 में 641 रेक की पिछली सर्वश्रेष्ठ लोडिंग थी। मुंबई मंडल में 647 बंदरगाह और 122 घरेलू कंटेनरों सहित 769 कंटेनर रेक लोड किए गए हैं, जो अब तक का सर्वश्रेष्ठ है जबकि जनवरी 2025 में 637 बंदरगाह और 117 घरेलू कंटेनरों सहित 754 रेक लोड किए गए थे। जुलाई 2025 में प्रतिदिन 1048 कंटेनर वैगन लोड किए गए, जो जनवरी 2025 में लोड किए गए 1029 कंटेनर वैगनों के पिछले सर्वश्रेष्ठ लोडिंग औसत की तुलना में अब तक का सबसे अधिक लोडिंग औसत है। 28.07.2025 को एक ही दिन में 30 कंटेनर रेकों के साथ 1285 कंटेनर वैगन लोड किए गए, जबकि इससे पहले 23.11.2024 को 1259 कंटेनर वैगन लोड किए गए थे। मुंबई मंडल ने उल्लेखनीय लोडिंग आँकड़े दर्ज किए, जिनमें जुलाई-2025 में वैगनों की अब तक का दूसरा उच्चतम लोडिंग शामिल है, जो इस प्रकार हैः वैगन लोडिंग जुलाई-2025 में प्रतिदिन 1614 वैगन लोड किए गए, जो मुंबई मंडल में प्रतिदिन वैगनों के मामले में अब तक की दूसरी सबसे अधिक लोडिंग है। यह जुलाई 2024 में प्रतिदिन लोड किए गए 1406 वैगनों से 15% अधिक है।

कोयला लोडिंगः

कोयला लोडिंग के आँकड़े बहुत उत्साहजनक रहे हैं, जुलाई 2025 में 68 कोयला रेक लोड किए गए, जबकि जुलाई 2024 में 48 रेक लोड किए गए थे, जो 41% से अधिक की वृद्धि दशार्ता है।

उर्वरक लदानः

जुलाई-2025 में कलंबोली गुड्स शेड से 32 उर्वरक रेक लदान किए गए, जो कलंबोली गुड्स शेड से एक महीने में अब तक का सबसे अधिक उर्वरक रेक लदान है। जुलाई 2025 तक कलंबोली गुड्स शेड से कुल 288 उर्वरक रेक लदान किए जा चुके हैं।

रेक लोडिंग और अनलोडिंग

जुलाई-2024 में 1018 रेक की तुलना में जुलाई-2025 में 1145 रेक लोड किए गए, जो 12% से अधिक की वृद्धि दशार्ता है।

जुलाई-2024 में 905 रेक की तुलना में जुलाई-2025 में 1104 रेक अनलोड किए गए, जो 21% से अधिक की वृद्धि दशार्ता है।

अप्रैल से जुलाई-2025 की अवधि के दौरान 4100 रेक लोड किए गए, जबकि अप्रैल से जुलाई-2024 के दौरान 3951 रेक लोड किए गए, जो 3% से अधिक की वृद्धि दशार्ता है।

अप्रैल से जुलाई 2025 की अवधि के दौरान 4200 रेक अनलोड किए गए, जबकि अप्रैल से जुलाई 2024 के दौरान 3796 रेक अनलोड किए गए थे, जो 10% से अधिक की वृद्धि दशार्ता है।

मालगाड़ियों का इंटरचेंज

मुंबई मंडल पर, जुलाई 2025 के महीने में प्रतिदिन औसतन 110.6 मालगाड़ियों का इंटरचेंज हुआ है, जबकि जुलाई 2024 में प्रतिदिन 101.6 मालगाड़ियों का इंटरचेंज हुआ था। जुलाई 2025 में वसई रोड (पश्चिम रेलवे) के साथ सर्वोत्तम माल इंटरचेंज 57.2 मालगाड़ियों का रहा है, जबकि जून 2025 में पिछला सर्वोत्तम इंटरचेंज 56.8 मालगाड़ियों का था।

# प्रथम अखिल भारतीय रेलवे जनसंपर्क सेमिनार का कोटा में सफल आयोजन

## रेलवे जनसंपर्क विभाग की मांगो एवं उनकी केडर की कठिनाइयां, चुनोतियाँ रेल मन्त्री तक पहुँचाई जाएगी - श्री ओम बिरला, माननीय अध्यक्ष - लोकसभा

**मुख्य अतिथि माननीय लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला जी की गरिमामयी उपस्थिति**

भारत संबद न्यूज नेटवर्क







भारतीय रेलवे के इतिहास में पहली बार जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अखिल भारतीय रेलवे जनसंपर्क सेमिनार का भव्य आयोजन शनिवार को कोटा के मेनाल रेलवे ऑफिसर्स क्लब में किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला जी ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की और भारतीय रेलवे जनसंपर्क कैडर की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री बिरला जी के आगमन पर पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत से हुआ। तत्पश्चात, मंडल रेल प्रबंधक, कोटा श्री अनिल कालरा सहित विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक श्री कालरा द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए रेलवे के जनसंपर्क विभाग द्वारा किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों की सराहना की गई। इसके बाद जनसंपर्क विभाग के परिचय पर एक संक्षिप्त वीडियो प्रदर्शित किया गया, जिससे जनसंपर्क कर्मियों की बहुआयामी भूमिका का परिचय उपस्थित जनसमूह को मिला। वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी श्री कमल जोशी द्वारा जनसंपर्क कैडर का विस्तृत परिचय प्रस्तुत किया गया, जिसमें विभाग की वर्तमान कार्यप्रणाली, दायित्व, एवं संरचनात्मक चुनौतियों को रेखांकित किया गया। माननीय श्री ओम बिरला जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि रेलवे का जनसंपर्क विभाग सरकार और जनता के बीच विश्वास का सेतु है। इसकी मजबूती से रेलवे की छवि और पारदर्शिता में वृद्धि होती है ।ह्व उन्होंने विभाग के हितों की रक्षा और समस्याओं के समाधान हेतु सकारात्मक आश्वासन भी प्रदान किया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट किया गया तथा कार्यक्रम का औपचारिक समापन धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। इसके उपरांत सेमिनार सत्र आयोजित किया गया, जिसमें देशभर से आए वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी, जनसंपर्क अधिकारी एवं प्रचार निरीक्षकों ने अपने विचार, अनुभव एवं कैडर से संबंधित व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत किए। यह विचार-विमर्श सत्र जनसंपर्क विभाग की कार्यक्षमता, कैडर पुनर्गठन, और भविष्य की दिशा तय करने में मील का पत्थर सिद्ध हुआ। कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक, कोटा श्री अनिल कालरा, अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री ललित कुमार धुरंधर, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन, मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री किशोर पटेल, नेता प्रतिपक्ष श्री लव शर्मा सहित रेलवे के विभिन्न संवर्गों के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों और प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इस आयोजन ने न केवल विभागीय एकजुटता को दशार्या बल्कि जनसंपर्क कैडर की समस्याओं को नीति-निमार्ताओं के समक्ष प्रभावी रूप से प्रस्तुत करने का अवसर भी प्रदान किया।

# राजस्व सप्ताह के अवसर पर जिले में विविध कार्यक्रम




भारत संबद न्यूज नेटवर्क

जिले के 11 वर्ष पूरे हो रहे हैं ।11 वर्षों के इस सफर में अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए हम सभी ने मिलकर जिले का विकास किया है और सभी के सहयोग से जिला इसी प्रकार विकास पथ पर अग्रसर रहेगा, ऐसा विश्वास पालकमंत्री गणेश नाईक ने शुभकामनाओं के माध्यम से व्यक्त किया। 1 अगस्त से 7 अगस्त तक आयोजित राजस्व सप्ताह का उद्घाटन शुक्रवार को जिला योजना भवन में हुआ। इस अवसर पर आदिवासी क्षेत्र समीक्षा समिति के अध्यक्ष विवेक पंडित, विधायक राजेंद्र गावित, जिला कलेक्टर डॉ. इंदुरानी जाखड़, अतिरिक्त जिला कलेक्टर भाऊसाहेब फटांगरे, निवासी उप जिला कलेक्टर सुभाष भागड़े, उप जिला कलेक्टर महेश सागर, तेजस चव्हाण, विजया जाधव, स्टाम्प कलेक्टर दीपक पाटिल सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित थे राजस्व दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले राजस्व विभाग के प्रतिभाशाली अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सम्मान एवं आभार व्यक्त किया गया ।2011 से पहले सरकारी जमीन पर हुए अतिक्रमणों का नियमन, पनंद और शिवार सड़कों पर नाप-जोख और पेड़ लगाना, छत्रपति शिवाजी महाराज स्व मिशन के तहत उत्तराधिकारियों का पंजीकरण और संशोधन, गृह भेंट के माध्यम से वी.सहायता योजना के तहत लाभार्थियों को अनुदान वितरित करना और एम-सैंड नीति का प्रभावी कार्यान्वयन। विभिन्न अन्य पहलों के अलावा, 'स्कूल दशमांश ढकला' पहल के तहत छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए जाएँगे, जिसके तहत पालघर जिले में 71 हजार छात्रों को प्रमाण पत्र दिए जाएँगे। पालकमंत्री नाइक ने बताया कि 59 लाभार्थियों को वन बेल्ट भी वितरित किए गए हैं।

# एक दिवसीय प्रतीकात्मक भूख हड़ताल के माध्यम से धारावी पुनर्वासन परियोजना का किया गया विरोध






भारत संबद न्यूज नेटवर्क

धारावी पुनर्वासन परियोजना के अंतर्गत तकरीबन 5 लाख लोगों का मुलुंड नगरी में नियोजित पुनर्वासन और उसके कारण पर्यावरण की होने वाली असीमित हानियां मुलुंड नगरी के मूलभूत ढांचे पर होने वाले भीषण प्रतिघात को रोकने के लिए महा विकास आघाडी की तरफ से मुलुंड में एकदिवसीय भूख हड़ताल का आयोजन किया गया। यह आयोजन राकेश शंकर शेट्टी के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन के नजदीक सवेरे 9:00 बजे से रात 9:00 बजे तक भूख हड़ताल के रूप में किया गया। इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी, राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) शिवसेना (उबाठा) एवं समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता बड़े उत्साह से सहभागी हुए। इस एकदिवासीय भूख हड़ताल में श्रीमती वर्षा एकनाथ गायकवाड़, लोकसभा सांसद (उत्तर मध्य मुंबई) एवं अध्यक्ष मुंबई कांग्रेस डॉक्टर ज्योति एकनाथ गायकवाड़, विधायक धारावी विधानसभा क्षेत्र श्री रमेश गजानन कोरगांवकर, भूतपूर्व विधायक एवं विभाग प्रमुख भांडुप विधानसभा शिवसेना कुमारी राजोल संजय पाटिल, आदि मान्यवर शामिल हुए इस अवसर पर श्री राकेश शंकर सेट्ठी ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि महा विकास अधिकारी धारावी पुनर्वास परियोजना का मुलुंड में पुनर्वासन होने का पुरजोर विरोध करेगी और उद्योगपति गौतम अडानी को फायदा पहुंचाने के सरकार के रवैया का खुलकर भर्त्सना करेगी।

# पश्चिम रेलवे द्वारा उधना और खुर्दा रोड के बीच साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के फेरे विस्तारित

भारत संबद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से ट्रेन संख्या 09059/09060 उधना-खुर्दा रोड साप्ताहिक स्पेशल के फेरों को मौजूदा संरचना, समय, ठहराव और मार्ग पर विस्तारित किया गया है।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस ट्रेन का विवरण इस प्रकार हैः

1. ट्रेन संख्या 09059 उधना-खुर्दा रोड साप्ताहिक स्पेशल को 24 सितंबर, 2025 तक विस्तारित किया गया है।
2. ट्रेन संख्या 09060 खुर्दा रोड-उधना साप्ताहिक स्पेशल को 26 सितंबर, 2025 तक विस्तारित किया गया है।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में व्यारा, नंदुरबार, धरणगांव, जलगांव, भुसावल, मलकापुर, अकोला, बडनेरा, वर्धा, नागपुर, तुमसर रोड, गोंदिया, दुर्ग, रायपुर, महासमुन्द, खरियार रोड, कांटाबांजी, टिटिलागढ़, केसिंगा, मुनिगुड़ा, रायगड़ा, पार्वतीपुरम टाउन, बोब्बिली, विजयनगरम, श्रीकाकुलम रोड, पलासा, ब्रह्मपुर और बालुगांव स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन संख्या 09059 के विस्तारित फेरों की बुकिंग 3 अगस्त, 2025 से पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के ठहराव, समय और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.inपर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# दादा, वनतारा से माधुरी हाथी को वापस लाओ! जनसभा में युवाओं की डिमांड, अजित पवार ने रोका अपना भाषण और फिर...

**सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद कोल्हापुर जिले के शिरोल तालुका स्थित नंदनी मठ की 'महादेवी हाथी' को वापस लाने की कोशिशें जारी हैं। 'महादेवी' को माधुरी भी कहा जाता है। 'महादेवी हाथी' को गुजरात स्थित रिलायंस फाउंडेशन के वनतारा भेज दिया गया है।**

भारत संबद न्यूज नेटवर्क

पुणेः सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद कोल्हापुर जिले के शिरोल तालुका स्थित नंदनी मठ की 'महादेवी हाथी' को वापस लाने की कोशिशें जारी हैं। 'महादेवी' को माधुरी भी कहा जाता है। 'महादेवी हाथी' को गुजरात स्थित रिलायंस फाउंडेशन के वनतारा भेज दिया गया है। इसके बाद से लोगों में आक्रोश है। स्थानीय जनप्रतिनिधि हाथी को वापस लाने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर पुणे के दौंड में उपमुख्यमंत्री अजित पवार की एक सभा में एक युवक ने यही मुद्दा उठाया। हाथी को वापस लाओ, जनभावनाएं प्रबल हैं, एक युवक ने भरी सभा में अजित पवार से मांग की।अजित पवार की सभा में क्या हुआ ?दरअसल पुणे के दौंड तालुका के वरवंद में उपमुख्यमंत्री अजित पवार की एक सभा चल रही थी। जब अजित पवार बोल रहे थे, तभी एक युवक ने सीधे 'माधुरी हाथी' का मुद्दा उठा दिया। यह युवक मंच के पास बैठा था। माधुरी हाथी को वंतारा से वापस लाओ। लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं, युवक यह कहते हुए चिल्लाया। यह सुनकर उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने अपना भाषण रोक दिया। उन्होंने युवक की बात सुनी और उसका जवाब दिया।


मध्य रेल

मुंबई मंडल

खुली ई-निविदा सूचना स. BB.LD.583.P.Rev.24/06.ContR1 दिनांक 31-07-2025

**कार्य का नाम** : खारबाव जीआईएस के 25 केवी उपकरणों की दो वर्षों के लिए एएमसी। **अनुमानित लागत** : रू. 1,46,22,208/-, **बिड सिक्योरिटी** : रू. 2,23,100/-, **ऑफर की वैधता** : 60 दिन, **समापन अवधि** : 24 महीने, **निविदा फार्म का मूल्य** – रु. 0/- , 1) उक्त निविदा का, निविदा बंद करेने की तारीख और समय : दिनांक 25.08.2025 को 11:00 बजे तक, और 11:00 बजे के बाद खोला जाएगा। 2) शुध्दिपत्रक के विवरण हेतुं अग्रदर्शी निविदाओं के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर भेट देने का अनुरोध है। 3) केवल वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से उपर्युक्त इलेक्ट्रॉनिकलि ई-टेन्डर में निविदाधारक सहभाग ले सकते है और ई-टेन्डर के अलावा हस्तचलित प्रस्तुत करने का निवेदन देने की अनुमति नही है। हस्तचलित रुप से, यदि निविदा खुलने के बाद की प्रस्तुति का विचार नही किया जाएगा। 4) निविदा दस्तावेज में दिए गए विवरण के अनुसार बिड सिक्योरिटी का भुगतान किया जाना चाहिए। 5) अतिरिक्त जानकारी के लिए संपर्क : वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण), दूसरी मंजील, एनेक्स भवन, सीएसएम टी मुंबई- 400001, फोन - 022-22612355. निवीदओं संबधी संपूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी संपूर्ण विवरण वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण), दूसरी मंजील, एनेक्स भवन, सीएसएमटी मुंबई-400001 के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

SUN 326 वरि. मंडल विद्युत इंजिनीयर (क./वि.)

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करें


# भावनगर टर्मिनस-अयोध्या कैंट, रीवा-पुणे (हडपसर) और जबलपुर-रायपुर के बीच नई तीन एक्सप्रेस ट्रेनों का शुभारंभ

भारत संबद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, भारतीय रेल द्वारा कई राज्यों में रेल संपर्क को बढ़ावा देने और लोगों की मांगों को पूरा करने के लिए एक बड़े कदम के तौर पर ट्रेन संख्या 19201/19202 भावनगर टर्मिनस-अयोध्या कैंट (साप्ताहिक) एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 20151/20152 पुणे (हडपसर)-रीवा (साप्ताहिक) सुपरफास्ट एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या 11701/11702 रायपुर-जबलपुर (दैनिक) एक्सप्रेस के रूप में तीन नई ट्रेन सेवाएं शुरू करने के लिए तैयार है। इन नई ट्रेनों की उद्घाटक सेवाओं को रविवार, 3 अगस्त 2025 को गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल; मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव; छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय; माननीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव; माननीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया और माननीय केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री श्रीमती निमुबेन बांभणिया हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। भावनगर टर्मिनस - अयोध्या कैंट एक्सप्रेस की उद्घाटक सेवाओं को भावनगर टर्मिनस स्टेशन से हरी झंडी दिखाई जाएगी, जबकि रीवा-पुणे (हडपसर) एक्सप्रेस और जबलपुर-रायपुर एक्सप्रेस की उद्घाटक सेवाओं को भावनगर टर्मिनस से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरी झंडी दिखाई जाएगी।

इन नई तीन ट्रेनों का विवरण इस प्रकार हैः

ट्रेन संख्या 19201/19202 भावनगर टर्मिनसझ्र अयोध्या कैंट (साप्ताहिक) एक्सप्रेस

ट्रेन संख्या 19201 भावनगर टर्मिनस-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस 11 अगस्त, 2025 से प्रत्येक सोमवार को 13:50 बजे भावनगर टर्मिनस से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 18:30 बजे अयोध्या कैंट पहुँचेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 19202 अयोध्या कैंट-भावनगर टर्मिनस एक्सप्रेस 12 अगस्त, 2025 से प्रत्येक मंगलवार को 22:30 बजे अयोध्या कैंट से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन (गुरुवार) को 04:45 बजे भावनगर टर्मिनस पहुँचेगी ।यह ट्रेन दोनों दिशाओं में भावनगर परा, सीहोर (गुजरात), धोला, बोटाद, लिंबडी, सुरेंद्रनगर गेट, विरमगाम, महेसाणा, पालनपुर, आबू रोड, फालना, मारवाड़, ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, ईदगाह आगरा, टूंडला, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ जं. और बाराबंकी स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, एसी 3 टियर (इकोनॉमी), स्लीपर क्लास और द्वितीय श्रेणी के सामान्य डिब्बे होंगे।

ट्रेन संख्या 19201 की बुकिंग 03.08.2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी।

नई ट्रेन 19201/19202 भावनगर टर्मिनस-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस गुजरात और उत्तर प्रदेश के बीच तेज और निर्बाध संपर्क को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भावनगर और आसपास के क्षेत्रों के लोगों की माँगों को पूरा करते हुए यह नई ट्रेन सेवा तीर्थयात्रियों, पर्यटकों के साथ-साथ व्यापार और रोजगार के लिए यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए भी बहुत सुविधाजनक होगी। यह न केवल यात्रियों के बहुमूल्य यात्रा समय की बचत करेगी, बल्कि मार्ग पर व्यापार और पर्यटन को भी मजबूती से बढ़ावा मिलेगी। इसके अलावा, यह रेल संपर्क भावनगर क्षेत्र के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देगा।

ट्रेन संख्या 20151/20152 पुणे (हडपसर)झ्र रीवा (साप्ताहिक) सुपरफास्ट एक्सप्रेस

ट्रेन संख्या 20151 पुणे (हडपसर)-रीवा एक्सप्रेस 7 अगस्त, 2025 से प्रत्येक गुरुवार को 15:15 बजे पुणे (हडपसर) से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 17:30 बजे रीवा पहुँचेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 20152 रीवा-पुणे (हडपसर) साप्ताहिक एक्सप्रेस 6 अगस्त, 2025 से प्रत्येक बुधवार को रीवा से 06:45 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 09:45 बजे पुणे (हडपसर) पहुँचेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगाँव, मनमाड, भुसावल, अकोला, वर्धा, नागपुर, गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, जबलपुर, कटनी और सतना स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, एसी 3 टियर (इकोनॉमी), स्लीपर क्लास और द्वितीय श्रेणी के सामान्य डिब्बे होंगे।

ट्रेन संख्या 11701/11702 रायपुरझ्रजबलपुर (दैनिक) एक्सप्रेसः

ट्रेन संख्या 11701 रायपुर-जबलपुर एक्सप्रेस 04 अगस्त, 2025 से प्रतिदिन रायपुर से 14:45 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 22:45 बजे जबलपुर पहुँचेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 11702 जबलपुर-रायपुर एक्सप्रेस 05 अगस्त, 2025 से प्रतिदिन जबलपुर से 06:00 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 13:50 बजे रायपुर पहुँचेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर और मदन महल स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में एसी चेयर कार, चेयर कार और द्वितीय श्रेणी के सामान्य डिब्बे होंगे ट्रेनों के ठहराव, समय और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर

बुलंदशहर, अवैध रूप से बसाई जा रही कॉलोनियों के खिलाफ विकास प्राधिकरण ने सख्त कार्रवाई की है। बुलंदशहर विकास प्राधिकरण (बिकेडीए) के उपाध्यक्ष अंकुर लाठर के निर्देश पर कुड़वल रोड के पास दो अलग-अलग क्षेत्रों में फैली अवैध कॉलोनियों को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया। यह कार्रवाई करीब 22 बीघा जमीन पर की गई।


मध्य रेल

भुसावल मंडल

ई-निविदा सूचना

भारत के महामाहिम राष्ट्रपति हेतु सीनियर डिवीजनल बिजली इंजीनियर (क.वि.) मध्य रेल, भुसावल द्वारा निम्न लिखित कार्य हेतु डीजीटेली हस्थाक्षरित ऑनलाइन ओपन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **टेंडर नोटिस नं.** – भुसावल_ईलेक्ट_टीआरडी_60_2025 दिनांक 01/08/2025. **कार्य का नाम** – मध्य रेल के भुसावल मंडल के घोटी स्टेशन पर अप और डाउन लुप लाइन के विस्तार के संबंध में 25 केवी, एकल फेज, एसी ओएचई कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना परीक्षण एवं कमीशनिंग किया जाना है। **कार्य की लागत** – रु. 94,13,655.80/-, **बयाना राशि** – रु. 1,88,300.00/-, **निविदा जमा करने की अंतिम तारीख, समय** – 28/08/2025 को 15:00 बजे तक, **अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाइट का पता** – www.ireps.gov.in

सीनियर डिवीज़नल बिजली इंजीनियर (क.वि.)

SUN 17

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करें



मध्य रेल

मुंबई मंडल

सभी पी.एम.एस उपकरणों के लिए समग्र वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध (सीएएमसी)

Open Tender - GeM Bid Number: GEM/2025/B/6510754/, **Name of the work**: मुंबई मंडल में सभी पी.एम.एस. उपकरणों (थिन क्लाइंट विद मॉनिटर एवं कीबोर्ड-06, डॉट मैट्रिक्स प्रिंटर-07, बारकोड प्रिंटर-04, एचएचटी-05, एचएचटी मिनी प्रिंटर-05, वज़न मशीन-05 (लोकमान्य तिलक टर्मिनस), 01 (दादर), 01 (पनवेल), 01 (ठाणे)) हेतु समग्र वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध, **Address of the office** : डीआरएम कार्यालय, वाणिज्यिक शाखा, मुंबई मंडल, **Work Location**: लोकमान्य तिलक टर्मिनस, दादर, पनवेल, ठाणे, **Advertised Value**: Rs.10,51,488/-, **Tender Type**: एकल पॅकेट प्रणाली, **Tender Closing Date & Time**: 19.08.2025 को 15:00 बजे, **Period of Contract**: दो वर्ष (730 days), **Validity of Offer**: 60 दिन, **Tender Document available on Website**: www.gem.gov.in, कोई भी अतिरिक्त सूचना/संशोधन/निविदा की वापसी/तिथि में परिवर्तन/समय विस्तार/स्पष्टीकरण आदि, यदि हो, तो वह केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही अपलोड किया जाएगा. बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे वेबसाइट पर नियमित रूप से जाकर अद्यतन जानकारी प्राप्त करें.

डीआरएम कार्यालय, वाणिज्यिक शाखा, मुंबई मंडल,

SUN 327

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करें

# राज्य परिवहन निगम (एसटी) डीजल खरीद पर छूट 1 अगस्त से शुरू : प्रताप सरनाईक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम से डीजल खरीदी पर इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड जैसी कंपनियों ने 1 अगस्त से लागू दर के अनुसार डीजल पर छूट देने का वादा किया था। जिसके अनुसार 1 अगस्त से इन कंपनियों ने 3 रुपए प्रति किलो लीटर (मानक दर से अधिक) की छूट देना शुरू कर दिया है। इससे निगम को डीजल खरीद पर कुल 3 रुपए प्रति किलो लीटर की छूट मिलेगी। यह जानकारी परिवहन मंत्री और राज्य परिवहन निगम के अध्यक्ष प्रताप सरनाईक ने दी। मंत्री सरनाईक ने कहा कि यह छूट 1 अगस्त 2025 से लागू हो गई है और इससे निगम की ईंधन लागत में उल्लेखनीय बचत होगी। इससे निगम की वित्तीय स्थिति पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और सेवाएँ सुचारू व किफायती ढंग से संचालित हो सकेंगी। इस संबंध में, मंत्री सरनाईक ने निगम के सभी विभागों और डिपो को इस रियायत का लाभ उठाने के लिए तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# कांग्रेस ने राज्य परिवहन निगम के बस अड्डों को पट्टे पर देने का विरोध किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




ठाणे , राज्य परिवहन निगम अपने बस अड्डों को सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत लंबी अवधि के लिए पट्टे पर देकर उनका निजीकरण करने की कोशिश कर रहा है। निगम की इस नीति का विरोध करते हुए, कांग्रेस ने ठाणे रेलवे स्टेशन के पास बस डिपो पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने ₹राज्य परिवहन निगम का निजीकरण बंद करो, राज्य परिवहन निगम के स्थानों पर कब्जा मत करो₹ जैसे नारे लगाए। ठाणे कांग्रेस अध्यक्ष विक्रांत चव्हाण ने राज्य परिवहन निगम प्रशासन का ध्यान राज्य परिवहन निगम के डिपो के निजीकरण, डिपो में गड्ढों की भरमार, शौचालयों की खराब स्थिति, बैठने की उचित व्यवस्था का अभाव और निगम कार्यालयों की खराब स्थिति की ओर आकर्षित किया। इस दौरान, कांग्रेस ने सीमेंट मिक्सर गाड़ियाँ मँगवाईं और डिपो के गड्ढों को कंक्रीट से भर दिया। इस अवसर पर बोलते हुए, चव्हाण ने कहा कि ठाणे डिपो की हालत बहुत खराब है। शहर में अब तक कंक्रीट और डामरीकरण पर करोड़ों रुपये खर्च हो चुके हैं, लेकिन शहर के बस स्टेशनों की उपेक्षा क्यों की जा रही है? यह बड़े दुःख की बात है कि ठाणे के परिवहन मंत्री, जिन्होंने एसटी स्टेशनों को किराए पर देकर उनका निजीकरण करने का बीड़ा उठाया है, अपने ही शहर में एसटी यात्रियों को बुनियादी सुविधाएँ नहीं दे पा रहे हैं। इस अवसर पर ठाणे कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राहुल पिंगले और हिंदूराव गालवे सहित सभी स्तरों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

फास्ट ट्रैक

## बुजुर्ग ने फांसी लगाकर दी जान

### लाइट जाने पर बाहर बैठा था परिवार, मकान के अंदर जाने पर मिला शव



शाहजहांपुर, थाना आरसी मिशन क्षेत्र के मिस्त्रीपुर मोहल्ले में एक बुजुर्ग ने घर के अंदर पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 60 वर्षीय रामौतार के रूप में हुई है। इसके बाद रामौतार की पत्नी संतोषी और उनके छह बच्चे मकान के बाहर बैठ गए। रामौतार घर के अंदर ही रह गए। घर के आंगन में लगे मौसमी के पेड़ पर उन्होंने धोती से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। करीब एक घंटे बाद जब परिवार के सदस्य घर के अंदर गए तो उन्हें रामौतार का शव पेड़ से लटका मिला। शव देखते ही परिवार में कोहराम मच गया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारा। पुलिस ने परिवार से घटना के संबंध में पूछताछ की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि रामौतार मेहनत-मजदूरी करते थे। उनके बच्चे भी यही काम करते हैं। उनका किसी से कोई विवाद नहीं हुआ था। परिवार को नहीं पता कि उन्होंने आत्महत्या क्यों की।

## मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति की पिटाई

### स्थानीय लोग बोले– पुलिस ने आकर कपड़े पहनाएं, अस्पताल नहीं भेजा

शाहजहांपुर, बंगश मोहल्ले में एक मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति की बेरहमी से पिटाई के बाद उसकी मौत हो गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लगभग 50 वर्षीय व्यक्ति मोहल्ले में घूम रहा था। इसी दौरान एक स्थानीय युवक से उसका विवाद हो गया। युवक ने उस व्यक्ति की बेरहमी से पिटाई कर दी। वीडियो में साफ दिख रहा है कि पीड़ित मरणासन्न हालत में जमीन पर पड़ा है और युवक उसे लगातार मार रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, घटना की सूचना मिलने पर चौक कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची थी। पुलिसकर्मियों ने व्यक्ति को नहलाया और कपड़े पहनाए, लेकिन उसे अस्पताल नहीं भेजा। साथ ही पिटाई करने वाले युवक को भी गिरफ्तार नहीं किया। मोहल्लेवासी अपने घरों से बाहर निकले तो उन्होंने उस व्यक्ति का शव देखा। शव पर मक्खियां भिनभिना रही थीं। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। थाना प्रभारी अश्वनी कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। स्थानीय लोगों द्वारा बताई गई मारपीट की घटना की जांच चल रही है।

## ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत

### तिलहर में खेत में जाते समय हादसा, पानी भरे खेत में दम घुटा

शाहजहांपुर, जनपद के निगोही थाना क्षेत्र में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में ट्रैक्टर पलटने से एक बंदूक मिस्त्री की मौत हो गई। ग्राम ऊनकला निवासी 27 वर्षीय जीशान उर्फ भूरा, जो बीसलपुर के कमल गनहाउस पर बंदूक मिस्त्री का काम करते थे, शनिवार को अपने खेत में खाद लेकर जा रहे थे। ईटगांव रजबहा पर कुडरी नहर पटरी के पास उनका ट्रैक्टर अचानक पलट गया। दुर्घटना में जीशान ट्रैक्टर के नीचे दब गए। खेत में पानी भरा होने के कारण उनका दम घुट गया और मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने जब ट्रैक्टर को सीधा किया और जीशान को बाहर निकाला, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। जानकारी के अनुसार, मृतक के परिवार के सदस्य शव को घर ले गए। जीशान अपने परिवार के मुख्य कमाने वाले सदस्य थे।

# मुख्यमंत्री राहत कोष प्रकोष्ठ के सामुदायिक स्वास्थ्य शिविर का लोगों ने लिया लाभ

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




ठाणे , मुख्यमंत्री राहत कोष प्रकोष्ठ, ठाणे द्वारा सहकार विद्यालय, कलवा में भव्य सामुदायिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद, आर्थिक रूप से कमजोर और बीमार नागरिकों को निःशुल्क चिकित्सा जाँच, उपचार और मुख्यमंत्री आरोग्य कोष से प्राप्त जानकारी एवं सहायता प्रदान करना था। इस शिविर में विभिन्न सरकारी और निजी अस्पतालों के विशेषज्ञ डॉक्टरों, नर्सों, स्वयंसेवकों और प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। इस शिविर में 1,510 नागरिकों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में ईसीजी, रक्तचाप, हृदय रोग जाँच, मोतियाबिंद, चश्मा जाँच, श्रवण जाँच, गला जाँच, महिला स्वास्थ्य, शिशु जाँच, पोषण जाँच, जोड़ों का दर्द, हड्डियों की जाँच, दंत स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, एलर्जी, त्वचा रोग, होम्योपैथी - वैकल्पिक चिकित्सा और जीवनशैली परामर्श आदि की जाँच की गई। मैमोग्राफी वैन की सहायता से कुछ रोगियों की सीबीई (क्लीनिकल ब्रेस्ट एग्जामिनेशन) भी की गई। ऐसे शिविरों में न्यूरोसर्जरी विभाग का बहुत महत्व होता है, क्योंकि तंत्रिका तंत्र से संबंधित रोगों के लक्षण आम लोगों को पहचान में नहीं आते। इसलिए, विशेषज्ञों की उपस्थिति और मुख्यमंत्री सहायता कोष के अंतर्गत निःशुल्क मार्गदर्शन एवं उपचार जरूरतमंदों के लिए एक बड़ा सहारा बना। शिविर के दौरान, लगातार झटके आने के कारण एक बाल रोगी को गंभीर अवस्था में शिविर में भर्ती कराया गया। चिकित्सीय जाँच के बाद, रोगी की स्थिति गंभीर पाई गई और उपस्थित बाल रोग विशेषज्ञों और न्यूरोलॉजिस्टों ने तुरंत रोगी की प्राथमिक जाँच की। इसके बाद, मरीज को तुरंत कलवा के सरकारी अस्पताल में रेफर कर एम्बुलेंस से ले जाया गया। मुख्यमंत्री राहत कोष प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ. प्रियंका यादव ने बताया कि मरीज के माता-पिता को स्थिति समझाकर सभी आवश्यक दस्तावेज और प्राथमिक उपचार रिपोर्ट उन्हें सौंप दी गईं।

## स्कूल बसों के ड्राइवरों का चरित्र सत्यापन

### रायबरेली में आरटीओ और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम कर रही जांच

रायबरेली, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर रायबरेली में स्कूल बसों के ड्राइवरों का चरित्र सत्यापन अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत आरटीओ विभाग और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम जनपद के सभी स्कूलों में जाकर बस ड्राइवरों का सत्यापन कर रही है। अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि स्कूल बसों को चलाने वाले ड्राइवरों पर कोई आपराधिक मुकदमा दर्ज न हो। पूर्व में हुई घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सभी ड्राइवरों का चरित्र सत्यापन अनिवार्य किया गया है। एआरटीओ प्रवर्तन अंबुज ने बताया कि टीम विभिन्न स्कूलों में जाकर प्रबंधन से बातचीत कर रही है। स्कूल प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने ड्राइवरों और कंडक्टरों का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य रूप से कराएं। इसके अलावा, यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी चालकों के पास कॉमर्शियल लाइसेंस हो और स्कूल बसों का फिटनेस प्रमाणपत्र नियमित रूप से अपडेट हो।

## डंपर की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

- कानपुर से घर लौटते समय हुआ हादसा, चालक की तलाश जारी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



रायबरेली, लालगंज कोतवाली क्षेत्र के एनएच 232 हाईवे पर मुबारकपुर गांव के पास एक दुखद हादसा हुआ। तेज रफ्तार डंपर ने स्कूटी सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान देव कुमार के रूप में हुई है। वह अजीत खेड़ा मजरे गहरी लालगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार, देव कुमार कानपुर की तरफ से आ रहे थे जब यह हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। पुलिस भी तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और युवक को इलाज के लिए सीएचसी लालगंज ले गई। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीएससी लालगंज प्रभारी डॉक्टर संजीव सिंह ने बताया कि जब पुलिस युवक को इलाज के लिए लाई, तब रास्ते में ही उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक के परिवार में इस खबर से कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लालगंज कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुटी है और विधिक कार्रवाई कर रही है। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस डंपर और चालक की तलाश कर रही है।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव

- भाई का आरोप– मालिक ने 50 हजार रुपये चोरी का आरोप लगाकर की हत्या

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, एक युवक का शव नदी किनारे पेड़ से लटका मिला है। मृतक की पहचान कटरा के रहने वाले 25 वर्षीय नीरेश के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना कटरा क्षेत्र के मुड़िया चक का रहने वाला नीरेश कुरिया कला के एक व्यक्ति के पास तीन महीने से रहकर मेहनत मजदूरी करता था। कटरा क्षेत्र के बहगुल नदी के पास एक पेड़ से उसका शव लटका मिला। ग्रामीणों ने शव देखने के बाद पुलिस को सूचना दी। मृतक के भाई बागेश ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि नीरेश जिस व्यक्ति के पास काम करता था, उसने दो दिन पहले फोन करके नीरेश पर 50 हजार रुपये चुराने का आरोप लगाया था। बागेश के मुताबिक, जब उन्होंने कहा कि अगर पैसे लिए हैं तो वापस मिल जाएंगे, तब उस व्यक्ति ने नीरेश और बागेश को मारने की धमकी दी थी। बागेश का आरोप है कि उसी व्यक्ति ने नीरेश की हत्या करके शव को पेड़ से लटका दिया है। पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीओ तिलहर ज्योति यादव ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच जारी है।

# किसान उत्सव दिवस पर 400 से अधिक किसानों का जमावड़ा

### बगहा में आईआईवीआर में पीएम किसान योजना की 20वीं किस्त के लाभ अंतरण का प्रसारण देखा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मिर्जापुर, सीखड़ भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान, अदलपुरा में प्रधानमंत्री किसान उत्सव दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त के लाभ अंतरण का प्रसारण देखा गया। संस्थान के मुख्य सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वाराणसी, चंदौली, जौनपुर, गाजीपुर और मिर्जापुर के 400 से अधिक प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। इनमें पीएम किसान योजना के 200 से अधिक प्रत्यक्ष लाभार्थी शामिल थे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विशाल स्क्रीन के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. राजेश कुमार ने की। उन्होंने कहा कि यह योजना छोटे और सीमांत किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने इसे कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम बताया। डॉ. कुमार ने किसानों से अपील की कि वे रासायनिक कीटनाशकों का न्यूनतम उपयोग करें। साथ ही संस्थान द्वारा विकसित 'काशी' ब्रांड की उच्च गुणवत्ता वाली सब्जी किस्मों का अधिकतम प्रयोग करें। डॉ. जगेश कुमार तिवारी, डॉ. शैलेश कुमार तिवारी और डॉ. प्रदीप कर्मकार ने अनुसूचित जाति उपयोजना की गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान किसानों को सब्जी उत्पादन की नवीनतम तकनीकों से अवगत कराया गया। मोरिंगा और बैंगन के उन्नत किस्मों की पौध सामग्री निःशुल्क वितरित की गई।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के प्रधान सचिव (कृषि) श्री रवींद्र ने वाराणसी जिले के कृषि अधिकारियों के साथ संस्थान का भ्रमण किया। उन्होंने वैज्ञानिकों से कृषि अनुसंधान की नवीनतम तकनीकों पर चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. डी.आर. भारद्वाज ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. नीरज सिंह ने दिया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से लखीमपुर के चालक की मौत

### सवारियां छोड़कर लौट रहे थे घर, परिवार में अकेले कमाने वाले थे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, अज्ञात वाहन की टक्कर से एक ऑटो चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान लखीमपुर के थाना पसगवां क्षेत्र के दोहक गांव निवासी 37 वर्षीय कल्याण उर्फ कल्लू के रूप में हुई है। कल्याण सवारियां छोड़कर लौट रहे थे। रोजा थाना क्षेत्र के भावलखेड़ा के पास अज्ञात वाहन ने उनके ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कल्याण की मौके पर ही मौत हो गई। वहां से गुजर रहे लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान की। परिवार को हादसे की जानकारी दी। परिवार के लोग रोजा थाने पहुंचे। उनकी मौजूदगी में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। कल्याण अपनी पत्नी पूजा और दो बेटियों का भरण-पोषण ऑटो चलाकर करते थे। शुक्रवार सुबह वह ऑटो चलाने निकले थे। रात करीब आठ बजे घर आए थे। खाना खाने के बाद करीब नौ बजे फिर से ऑटो चलाने के लिए निकल गए थे। परिजनों ने बताया कि कल्याण बहुत मेहनती थे। उनके अलावा परिवार में कोई कमाऊ सदस्य नहीं है। कल्याण की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। परिवार ने सरकार से मुआवजे की मांग की है।

## सीखड़ में गंगा का पानी गांवों की ओर बढ़ा

### एसडीएम और सीओ ने बाढ़ चौकियों का निरीक्षण कर लोगों को किया जागरूक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मिर्जापुर, सीखड़ विकास खंड में गंगा का पानी धीरे-धीरे गांवों की ओर बढ़ रहा है। इसके कारण गंगा के किनारे बसे धन्नूपुर, पसियाही, बिदापुर, धनैता, फुलहा, प्रेमापुर, रामगढ़, गोरैया, लालपुर, सीखड़, खानपुर आदि गांवों में गंगा का पानी पहुंच गया है। इस स्थिति को देखते हुए कुल 8 बाढ़ चौकियां स्थापित की गई हैं। ये चौकियां खैरा, पसियाही, धनैता, रामगढ़, सीखड़, मगरहा, मुंदीपुर और अदलपुरा में हैं। प्रत्येक बाढ़ चौकी पर 6 से 7 कर्मचारियों को तैनात किया गया है। इनमें स्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग, पंचायत राजस्व और विकास विभाग के कर्मचारी शामिल हैं। एसडीएम राजेश कुमार वर्मा और सीओ चुनार मंजरी राव ने बाढ़ चौकियों का निरीक्षण किया। उन्होंने गंगा के किनारे बसे गांवों के लोगों से मुलाकात कर वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि बाढ़ एक प्राकृतिक आपदा है और सभी को सचेत रहना चाहिए। उन्होंने लोगों को घाट के किनारे जाने से बचने की सलाह दी। साथ ही घर के आस-पास साफ-सफाई बनाए रखने की हिदायत भी दी। इस अवसर पर नायब तहसीलदार संजय सिंह और कोतवाल चुनार रविंद्र भूषण मौर्य भी मौजूद रहे। एसडीएम राजेश कुमार वर्मा ने बाढ़ चौकी पर तैनात कर्मचारियों को सतर्क रहने का आदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

## लापरवाही पर प्रशासन का एक्शन



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, एडीएम अरविंद कुमार ने गांवों का निरीक्षण कर लापरवाही बरतने वाले सफाईकर्मियों और ग्राम पंचायत अधिकारियों पर कार्रवाई की है। एडीएम के पास जिला पंचायत राज अधिकारी का भी अतिरिक्त चार्ज है। निरीक्षण के दौरान पांच सफाईकर्मी अनुपस्थित पाए गए। इनमें खुटार कहमरिया मतलूकपुर के संतोष कुमार, नरौठा देवीदास के राजेश कुमार, सिहूरा खुर्द कला के कमलेश, बंडा के कमालपुर में तैनात अशोक कुमार और लुहिची के ओमप्रकाश शामिल हैं। इन सफाईकर्मियों पर आरोप है कि वे गांवों में सफाई करने नहीं जाते हैं। वे अपनी तैनाती स्थल पर न पहुंचकर अन्य स्थानों पर रहते हैं। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के बावजूद ये लोग अपनी ड्यूटी ठीक तरीके से नहीं निभा रहे थे। एडीएम ने इन सभी की तीन वर्ष तक वेतन वृद्धि रोकने की कार्रवाई की है। इसके अलावा, पुवायां विकासखंड के ग्राम पंचायत अधिकारी सुनील कुमार, नागेंद्र सिंह और जलालाबाद के अरुण कुमार निगम पर भी कार्रवाई की गई है।

भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# ट्रम्प बोले-सुना है भारत रूस से तेल खरीदना बंद करेगा

## रिपोर्ट में दावा- भारत अभी भी मास्को से तेल ले रहा

एजेंसी

वॉशिंगटन डी सी, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि ऐसी खबरें हैं कि भारत ज्यादा दिन तक रूस से तेल नहीं खरीदेगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि उन्हें इन खबरों के सही होने की जानकारी नहीं है। लेकिन अगर ऐसा होता है तो यह अच्छी बात होगी। आगे देखते हैं कि क्या होता है। इससे पहले रॉयटर्स की रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि भारत ने अमेरिकी दबाव और कीमत बढ़ने की वजह से रूस से तेल खरीदना लगभग बंद कर दिया है। इसके बाद शुक्रवार शाम भारतीय विदेश मंत्रालय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। हालांकि, इसमें यह स्पष्ट नहीं किया गया कि इस दावे में कितनी सच्चाई है। वहीं, रॉयटर्स के दावों को खारिज करते हुए एएनआई ने कहा कि भारतीय कंपनियां अभी भी रूस से तेल खरीद रही है। रॉयटर्स ने 30 जुलाई को अपनी रिपोर्ट में कहा था कि भारतीय तेल कंपनियां जैसे इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम ने रूस से तेल की



खरीदी को रोक दी है, क्योंकि छूट कम हो रही है और शिपिंग में दिक्कतें आ रही हैं। इसमे यह भी कहा गया था कि, पिछले एक सप्ताह में रूस से कच्चे तेल की मांग नहीं की गई है। भारतीय रिफाइनरियां रूसी कच्चा तेल कम खरीद रही हैं, क्योंकि वहां से मिलने वाली छूट 2022 के बाद से सबसे कम हो गई है। अब रिफाइनरियों को डर है कि रूस पर लगे नए प्रतिबंधों से विदेशी व्यापार में मुश्किलें आ सकती है। यूरोपीय यूनियन ने 18 जुलाई को रूस पर नए प्रतिबंध लगाए थे। जिसमें रूसी तेल और ऊर्जा उद्योग को और अधिक नुकसान पहुंचाने के उपाय भी शामिल हैं । यूरोपीय यूनियन रूसी तेल की कीमत बाजार मूल्य से 15% कम रखने की कोशिश कर रहा है। इस बीच एएनआई की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि भारतीय कंपनियां अभी भी रूस से तेल खरीद रही है। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने सूत्रों को बताया कि तेल की खरीद का फैसला पूरी तरह आर्थिक वजहों पर आधारित होता है, जैसे कि तेल की कीमत, उसकी किस्म, मौजूदा भंडार, लॉजिस्टिक सुविधा और दूसरी व्यावसायिक जरूरतें। अधिकारियों ने कहा कि रूस दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल उत्पादक और निर्यातक है। वह हर दिन करीब 9.5 मिलियन बैरल तेल निकालता है, जो दुनिया की कुल मांग का करीब 10% है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है और अपनी जरूरत का करीब 85% कच्चा तेल आयात करता है। ऐसे में भारत ने अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करते हुए ऊर्जा के अपने स्रोतों को रणनीतिक रूप से तय किया है ताकि सस्ती और भरोसेमंद आपूर्ति बनी रहे। भारतीय सूत्रों ने बताया कि रूस से तेल खरीदने पर कोई अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध नहीं है। हां, ऋ7 देशों और यूरोपीय यूनियन ने इसकी कीमत पर एक सीमा जरूर तय की है, ताकि रूस को बहुत ज्यादा कमाई न हो और दुनिया को तेल की सप्लाई भी बनी रहे। भारत ने हमेशा इस नियम का पालन किया है और जो भी तेल खरीदा है, वो अंतरराष्ट्रीय नियमों के अंदर रहकर ही खरीदा है। सूत्रों ने यह भी कहा कि जब ओपेक+ देशों ने तेल का उत्पादन बहुत कम कर दिया था, उस समय अगर भारत ने रूस से सस्ता तेल नहीं खरीदा होता, तो दुनिया में तेल की कीमतें और ज्यादा बढ़ जातीं। इससे महंगाई भी और बढ़ती। भारत ने समझदारी से फैसला लिया और एक ज़िम्मेदार खरीदार की तरह काम किया, जिससे तेल का बाजार स्थिर बना रहा। ट्रम्प प्रशासन ने 30 जुलाई को भारत से आयात पर 25% टैरिफ और अतिरिक्त जुमार्ना लगाया था। ये टैरिफ 7 अगस्त से लागू होगा। ट्रम्प ने भारत के रूस से तेल खरीदने और पुराने व्यापारिक प्रतिबंधों को इसका कारण बताया।

# अंडरवियर पहने फर्श पर लेट गए पूर्व साउथ कोरियन राष्ट्रपति

## पूछताछ में मदद नहीं की; यून सुक योल ने देश में इमरजेंसी लगाई थी

एजेंसी



सियोल, जेल में बंद दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून सूक योल खुद पर लगे गंभीर आरोपों की जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। न्यूज एजेंसी एएफपी सरकारी वकीलों ने बताया कि जब वे शुक्रवार को पूर्व राष्ट्रपति के पास पूछताछ पहुंचे, तो यून अंडरवियर पहनकर फर्श पर लेट गए। यून ने जेल में दिए गए कपड़े पहनने से भी इनकार कर दिया। यून सुक योल पर चुनाव में गड़बड़ी करने का आरोप है। इसी से जुड़ी पूछताछ के लिए सरकारी वकील पहुंचे थे। सुरक्षा वजहों से उनके साथ शारीरिक बल का इस्तेमाल नहीं किया गया और वारंट को फिलहाल रोक दिया गया। राष्ट्रपति यून ने 3 दिसंबर की रात को देश में मार्शल लॉ लगा दिया था। हालांकि भारी विरोध के बाद उन्होंने 6 घंटों के भीतर ही अपना फैसला वापस ले लिया था। इसके बाद उन्हें महाभियोग लगाकर पद से हटा दिया गया था। वकीलों के मुताबिक, यून ने उस समय बिना आस्तीन वाला एक टॉप और जेल का अंडरवियर पहना हुआ था। हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी है कि अगली बार अगर जरूरत पड़ी तो उन्हें जबरदस्ती भी लाया जा सकता है। इस पूरी घटना पर यून की कानूनी टीम ने जवाब दिया है। उनके वकील यू जियोंग-ह्वा ने कहा कि सरकारी वकीलों ने प्रेस के सामने जो ब्रीफिंग दी, वह अपमानजनक थी। उन्होंने कहा कि एक बंदी के कपड़ों पर इस तरह सार्वजनिक टिप्पणी करना इंसानियत के खिलाफ है, खासकर तब जब वह 40 डिग्री तापमान वाली एक गर्म जेल में बंद है। यून के वकीलों का कहना है कि पूर्व राष्ट्रपति की तबीयत ठीक नहीं है। उन्हें कई बीमारियां हैं, जो जांच में सहयोग करने में रुकावट बन रही हैं। दक्षिण कोरिया के न्याय मंत्री जंग सुंग-हो ने इस पूरे घटनाक्रम को शर्मनाक बताया। उन्होंने संसद में कहा कि पूर्व राष्ट्रपति को ऐसा बर्ताव नहीं करना चाहिए था। मंत्री ने कहा कि यून ने जानबूझकर जेल की वर्दी उतारी और जब जांच टीम चली गई, तो फिर से पहन ली। हालांकि सरकार ने भरोसा दिलाया है कि यून के पूर्व राष्ट्रपति होने के नाते उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाएगा, लेकिन कानून सब पर समान रूप से लागू होगा। गौरतलब है कि पूर्व राष्ट्रपति यून सूक योल पर देश में मार्शल लॉ लागू करने की कोशिश का आरोप है।

# यूनुस बोले- भारत ट्रम्प से ट्रेड डील करने में फेल

## हमने 17% टैरिफ कम कराया, इससे बांग्लादेश की कपड़ा इंडस्ट्री को फायदा होगा

एजेंसी



ढाका, बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने कहा कि अमेरिका के साथ ट्रेड डील करने में भारत फेल हुआ है। उन्होंने कहा कि समझौता न होने की वजह से भारत को अब 25% टैरिफ देना पड़ेगा, जो बांग्लादेश के मुकाबले ज्यादा है। अमेरिका ने बांग्लादेश पर 20% टैरिफ लगाया है। इससे पहले अप्रैल में अमेरिका ने बांग्लादेश पर 37% टैरिफ लगाया था। यानी कि बांग्लादेश 4 महीने में अमेरिका से 17% टैरिफ कम कराने में कामयाब रहा। यूनुस ने इसका श्रेय अपने टैरिफ को लेकर अमेरिका से बातचीत करने वाले अधिकारियों को दिया। उन्होंने इसे कूटनीतिक जीत बताया और कहा कि इससे बांग्लादेश की कपड़ा इंडस्ट्री को मजबूती मिलेगी। यूनुस ने एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा- बांग्लादेश को मिली टैरिफ दर उसके कपड़ा इंडस्ट्री के प्रतिस्पर्धियों जैसे श्रीलंका, वियतनाम, पाकिस्तान और इंडोनेशिया के बराबर है, जिन्हें 19% से 20% के बीच टैरिफ दर मिली थी। यूनुस ने कहा एक समान टैरिफ के कारण बांग्लादेश के कपड़ा इंडस्ट्री पर कोई असर नही पड़ेगा। वहीं, बांग्लादेश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और प्रमुख वातार्कार डॉ. खलीलुर रहमान ने कहा, 'हम ज्यादा टैरिफ देने से सफलतापूर्वक बच गए हैं। यह हमारे कपड़ा इंडस्ट्री और उस पर निर्भर लाखों लोगों के लिए अच्छी खबर है। हमने अपनी वैश्विक भूमिका को भी बनाए रखा है और दुनिया के सबसे बड़े उपभोक्ता बाजार तक पहुंचने के नए अवसर खोले हैं।' रहमान ने आगे कहा, 'हमने अपने देश के हितों को ध्यान में रख कर अमेरिकी अधिकारियों से बातचीत की। ये हमारी प्राथमिकता थी।' बांग्लादेश की कपड़ा इंडस्ट्री देश की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। बांग्लादेश की कपड़ा इंडस्ट्री चीन के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी रेडीमेड गारमेंट (आरएमजी) निर्यातक इंडस्ट्री है।

# रूस के पास 2 एटमी पनडुब्बियां तैनात करेगा अमेरिका

## पूर्व राष्ट्रपति मेदवेदेव की धमकी पर ट्रम्प ने कहा- नतीजे भुगतने होंगे

एजेंसी



वॉशिंगटन डीसी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस के साथ बढ़ते तनाव के बीच शुक्रवार को रूस के नजदीक दो न्यूक्लियर पनडुब्बियां तैनात करने का आदेश दिए। साथ ही गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि पनडुब्बियां कहां तैनात की जाएंगी। ट्रम्प ने अपने इस कदम के पीछे रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव की भड़काऊ बयानबाजी को जिम्मेदार बताया। साथ ही ट्रम्प ने मेदवेदेव के परमाणु हमले की धमकी पर कहा कि- 'अमेरिका रूस के परमाणु खतरों का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है।' दरअसल, मेदवेदेव ने एक्स पर कहा था- हम इजराइल या ईरान नहीं हैं। ट्रम्प की ओर से दिया गया हर नया अल्टीमेटम युद्ध की धमकी माना जाएगा। उन्होंने ट्रम्प को याद दिलाते हुए कहा था- 'रूस के पास सोवियत संघ के समय से परमाणु हमले डेड हैंड की क्षमता है।' ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा- 'रूस के पूर्व राष्ट्रपति और सिक्योरिटी काउंसिल के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव की भड़काऊ बयानबाजी की वजह से मैंने रूस के नजदीक दो न्यूक्लियर पनडुब्बियों को तैनात करने का आदेश दिया है, ताकि भड़काऊ बयान सिर्फ बयानबाजी तक सीमित रहे। शब्द बहुत कीमती होते हैं और कई बार अनजाने में गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। मुझे उम्मीद है कि यह ऐसा मामला नहीं होगा।' ट्रम्प ने बताया डेड इकोनॉमी तो रूस ने डेड हैंड की याद दिलाई ट्रम्प ने 30 जुलाई को भारत पर 25% टैरिफ लगाने के बाद भारत और रूस को डेड इकोनॉमी बताया था। उन्होंने कहा था- भारत और रूस अपनी अर्थव्यवस्था को साथ ले डूबें, मुझे क्या। इसके जवाब में रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने कहा था कि अमेरिकी राष्ट्रपति घबरा गए हैं। मेदवेदेव ने टेलीग्राम पर लिखा था- 'ट्रम्प को डेड हैंड की खतरनाक ताकत याद रखनी चाहिए, भले ही यह अब मौजूद नहीं है।

### अमरनाथ यात्रा एक हफ्ते पहले बंद

श्रीनगर अमरनाथ यात्रा को कल से रोक दिया गया है। यात्रा 9 अगस्त तक चलनी थी, लेकिन भारी बारिश के कारण रास्ते खराब होने की वजह से इसे 3 अगस्त को ही रोक दिया गया।


## मध्य रेल
सोलापूर मंडल
**सामग्री खरेदी**

मंडल भंडार कार्यालय मध्य रेल्वे, सोलापुर के राष्ट्रीय क्षि ओर से रेलवे की ई-खरीद वेबसाइट www.ireps.gov.in पर सक्षम, प्रतिष्ठित फर्मो/ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन ई-निविदाएं आमंत्रित करता है।

**निविदा क्रमांक: 9625WLD04**

| क्र. सं. | पी.ओ.एम कोड (समूह) | वस्तु का प्रकार जीएसटी (हाँ/नहीं) | भंडार/ नॉनस्टॉक | आदेश | मूल्यांकन हेतु विचार करें | का अनुमोदन एजेंसी | निरीक्षण एजेंसी | मुद्रा की अनुमति | अनुमानित दर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 96NSCOMB | माल (हाँ) | गैर-स्टॉक | ---- | हां | आरडी एसओ | टीपीआई एजेंसी | भा.रु. | |

विवरण: 60KG/60e1 (R260 ग्रेड) रेल और फ्यूजन वेल्डिंग के लिए भागों का निर्माण और आपूर्ति रेल और 60 किलोग्राम (90UTS) रेल 25 मिमी अंतराल के साथ एल्यूमिनो थर्मिट प्रक्रिया द्वारा संपीडित वायु पेट्रोल सिस्टम/ऑक्सी एल का उपयोग करके पीजी/ऑक्सी प्रोपेन प्री-हीटिंग 3 पीस प्रीफाइब्रिकेटेड मोल्ड (जिक्रोन वाश) के साथ मैन्युअल रूप से दबाए गए/कोर नवीनतम परिवर्तनों के साथ ऑटो टैपिंग थिम्बल और सिंगल शॉट क्रूसिबल के साथ शूट किया गया। लागू आरडीएसओ विनिर्देश IRS T-19-2021 Rev.7.0 है, लागू STR (तकनीकी आवश्यकता का अनुसूची) TDG0017, VER 4 है। 0, अनुलग्नक के अनुसार उपभोग्य सामग्रियों की सूची - ए। (ड्राइंग में परिवर्तन, तकनीकी पुनः की अनुसूची निविदा उद्घाटन तिथि से एक दिन पहले आरडीएसओ द्वारा जारी किए गए विचत्रना (एसटीडीआर) और विनिर्देश इस निविदा के लिए लागू)। [वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के 30 महीने बाद ] [मात्र भाषा सहिष्णुता ( /-): 0% आयु, आइटम श्रेणी: सामान्य, कुल पीओ मूल्य भिन्नता की अनुमति: अधिकतम 8 लाख]

| परेषिती | एसएसई/पी-वे/स्टोर/एसयूआर | महाराष्ट्र | 3000.00 नग |
|---|---|---|---|

यूवीएएम आइटम संदर्भ.: (आइटम आईडी): - 3100494 - एल्यूमिनियम थर्मिट प्रक्रिया द्वारा रेल की फ्यूजन वेल्डिंग, उप आइटम आईडी: - 3100494010 - 60kg/60e1 (R-260 ग्रेड) रेल और 60 किग्रा (90UTS) CAP/OXY LPG/ऑक्सी प्रोपेन का उपयोग करके 25 मिमी के अंतराल के साथ 3 टुकड़े के साथ प्रीहीटिंग मोड (ज-वेशेड) मैन्युअल रूप से दबाया/कोर को ऑटो टैपिंग थिम्बल के साथ शूट किया गया

निरीक्षण विवरण: चरण निरीक्षण का आवश्यकता नहीं है।

| | |
|---|---|
| बयाना राशि | भा.रु. (INR) रुपये 116820.00/- |
| www.ireps.gov.in पर निविदा बंद होने की तिथि और समय | 11-09-2025, 11:30 बजे के बाद |

संभावित निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे निविदा बंद होने की तिथि से पहले वेबसाइट को बार-बार देखें ताकि इस निविदा के लिए जारी किए गए किसी भी परिवर्तन/सुधार को नोट किया जा सके। वेबसाइट: www.ireps.gov.in.

वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक

SUN 75 टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करें


# कश्मीर के कुलगाम में दो आतंकी ढेर

### इनमें से एक हिट-लिस्ट में था; पहलगाम हमले के बाद खुफिया एजेंसियों ने 14 नाम जारी किए थे



**हारिस सी-कैटेगरी का आतंकी था। वह उन 14 लोकल आतंकियों की लिस्ट में था, जिनके नाम खुफिया एजेंसियों ने पहलगाम हमले के बाद 26 अप्रैल को जारी किए थे। उसके पास से अङ-47 राइफल, मैगजीन और ग्रेनेड और गोला-बारूद बरामद हुआ है।**

एजेंसी

श्रीनगर , जम्मू-कश्मीर में कुलगाम के अखल जंगल में सुरक्षाबलों ने शनिवार को अब तक दो आतंकवादियों को मार गिराया है। दोनों के शव भी बरामद हुए हैं। एक आतंकी की पहचान पुलवामा के हारिस नजीर डार के रूप में हुई है। हालांकि, दूसरे का नाम सामने नहीं आया है। हारिस आज सुबह मारा गया था, जबकि दूसरा आतंकी दोपहर में मारा गया। कुलगाम में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच कल रात से मुठभेड़ शुरू हुई थी। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और 'ऑपरेशन अखल' को अंजाम दे रहे हैं। जंगल में अभी और आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। दोनों ओर से फायरिंग जारी है ।कुलगाम में सर्च ऑपरेशन के दौरान आतंकियों ने फायरिंग कीएक अधिकारी ने बताया कि इलाके में आतंकी गतिविधि की गुप्त सूचना मिलने के बाद शुक्रवार शाम में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था। इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। जंगल में कुल कितने आतंकी छिपे हैं, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए इलाके में और सिक्योरिटी फोर्सेज को भेजा गया है। जम्मू-कश्मीर में इस हफ्ते की यह तीसरी मुठभेड़ है। इससे पहले, 28 जुलाई को सुरक्षाबलों ने ऑपरेशन महादेव के तहत, लिडवास के जंगलों में पहलगाम हमले में शामिल 3 आतंकियों को मारा था। 31 जुलाई को पुंछ में छड्डुउ के पास दो और आतंकी घुसपैठ के दौरान मारे गए थे।14 लोकल आतंकियों में 7 मारे गए, अब 7 की तलाश सुरक्षाबलों ने जिन 14 आतंकियों की लिस्ट जारी की थी, उनमें से अब तक 7 मारे जा चुके हैं। हारिस नजीर को छोड़कर, बाकी के 6 आतंकी मई में शोपियां और पुलवामा में एनकाउंटर के दौरान मारे गए थेशोपियां में 13 मई को ढेर किए गए आतंकियों के नाम शाहिद कुट्टे, अदनान शाफी, अहसान उल हक शेख थे। 15 मई को पुलवामा एनकाउंटर में आमिर नजीर वानी, यावर अहमद भट और आसिफ अहमद शेख मारा गया था ।28 जुलाई को पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड समेत 3 आतंकियों को मारा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ऑपरेशन महादेव के अगले दिन, 29 जुलाई को पहलगाम हमले के आतंकियों के मारे जाने की जानकारी दी।

# संविधान के इस लक्ष्य को साकार करना हमारे लिए महत्वपूर्ण

## पूर्व-सीजेआई चंद्रचूड़ ने की यूसीसी की वकालत

**चंद्रचूड़ ने कहा कि यूसीसी को देश और समाज के सभी वर्गों को विश्वास में लेने के बाद ही लाया जाना चाहिए और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि समान नागरिक संहिता उनके हित में हो। मैंने वही कहा जो मुझे कहना था, यानी संविधान समान नागरिक संहिता की वांछनीयता को व्यक्त करता है।**

एजेंसी



भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की वकालत की और कहा कि संविधान यूसीसी की वांछनीयता को व्यक्त करता है। भारत के 50वें मुख्य न्यायाधीश रहे 65 वर्षीय चंद्रचूड़ ने मुंबई में पत्रकारों से बात करते हुए यह टिप्पणी की। हालांकि, चंद्रचूड़ ने कहा कि यूसीसी को देश और समाज के सभी वर्गों को विश्वास में लेने के बाद ही लाया जाना चाहिए और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि समान नागरिक संहिता उनके हित में हो। मैंने वही कहा जो मुझे कहना था, यानी संविधान समान नागरिक संहिता की वांछनीयता को व्यक्त करता है। मैंने कहा कि संविधान के जन्म और स्थापना के कम से कम 75 साल बाद, हमारे लिए संविधान की इस महत्वाकांक्षा और लक्ष्य को साकार करना जरूरी है। लेकिन साथ ही, हमें अपने समाज और समुदाय के सभी वर्गों को विश्वास में लेना होगा कि यह वास्तव में भविष्य के न्यायपूर्ण भारतीय समाज के हित में है, जिसे हमें राष्ट्र में बनाने की आवश्यकता है।

### समान नागरिक संहिता क्या है?

समान नागरिक संहिता देश के सभी नागरिकों के लिए, चाहे उनका धर्म, जाति, पंथ और लिंग कुछ भी हो, एक समान कानून का प्रस्ताव करती है और इसमें विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, उत्तराधिकार और गोद लेने जैसे मामले शामिल होने चाहिए। इसका उल्लेख संविधान के भाग कश में किया गया है।

### संविधान समान नागरिक संहिता के बारे में क्या कहता है?

संविधान का अनुच्छेद 44, जो राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों के अनुरूप है, समान नागरिक संहिता का उल्लेख करता है। इसमें कहा गया है कि राज्य भारत के संपूर्ण क्षेत्र में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा। वर्तमान में गोवा और उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू है।

# उत्तराखंड के चमोली में हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट साइट पर पहाड़ दरका

**हिमाचल प्रदेश के मनाली में लगातार बारिश से कई जगह लैंडस्लाइड हुई। चंडीगढ़-मनाली-लेह नेशनल हाईवे और सोलंगनाला से अटल टनल की ओर जाने वाला रास्ता बंद है। पिछले 3 दिन की भारी बारिश से कुल 289 सड़कें प्रभावित हुई हैं।**

एजेंसी




नई दिल्ली ,पहाड़ों पर मानसून की बारिश आफत लेकर आई है। उत्तराखंड के चमोली में विष्णुगढ़-पीपलकोटी हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट की डैम साइट पर पहाड़ का बड़ा हिस्सा टूटकर गिर गया। हादसे के समय साइट पर काम चल रहा था। घटना में कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश के मनाली में लगातार बारिश से कई जगह लैंडस्लाइड हुई। चंडीगढ़-मनाली-लेह नेशनल हाईवे और सोलंगनाला से अटल टनल की ओर जाने वाला रास्ता बंद है। पिछले 3 दिन की भारी बारिश से कुल 289 सड़कें प्रभावित हुई हैं। जम्मू-कश्मीर में कल रात रियासी जिले में एक सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट की कार लैंडस्लाइड़ की चपेट में आ गई। उनकी कार पर अचानक चट्टान गिर गई। हादसे में रऊट और उनके बेटे की मौत हो गई। उनकी पत्नी समेत 6 लोग घायल हो गए। भारी बारिश के कारण अमरनाथ यात्रा को 3 अगस्त से बंद करने का फैसला लिया गया है। पहले यह 9 अगस्त को खत्म होनी थी। यात्रा के दोनों मार्गों पहलगाम और बालटाल पर मरम्मत का काम जारी है। बीते दिन सुबह बालटाल रूट से यात्रा शुरू की गई थी


## मध्य रेल
सोलापूर मंडल
**सामग्री खरेदी**

मंडल भंडार कार्यालय मध्य रेल्वे, सोलापुर के राष्ट्रीय क्षि ओर से रेलवे की ई-खरीद वेबसाइट www.ireps.gov.in पर सक्षम, प्रतिष्ठित फर्मो/ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन ई-निविदाएं आमंत्रित करता है।

**निविदा क्रमांक: 9625WLD03**

| क्र. सं. | पी.ओ.एम कोड (समूह) | वस्तु का प्रकार जीएसटी (हाँ/नहीं) | भंडार/ नॉनस्टॉक | आदेश | मूल्यांकन हेतु विचार करें | का अनुमोदन एजेंसी | निरीक्षण एजेंसी | मुद्रा की अनुमति | अनुमानित दर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 96NSR260 | माल (हाँ) | गैर-स्टॉक | ---- | हां | आरडी एसओ | टीपीआई एजेंसी | भा.रु. | |

विवरण: 60KG/60E1 (R-260 ग्रेड) के फ्यूजन वेल्डिंग के लिए भागों का निर्माण और आपूर्ति, एल्यूमिनो थर्मिट प्रक्रिया द्वारा 25 मिमी अंतराल के साथ रेल के साथ संपीडित एयर पेट्रोल सिस्टम/ऑक्सी एलपीजी/ऑक्सी प्रोपेन का उपयोग करके 3 टुकड़ा पूर्वनिर्मित मोल्ड (जिरकॉन धोया) के साथ शूटिंग/कोर को शट किया गया। नवीनतम परिवर्तनों के साथ थिम्बल और सिंगल शॉट क्रूसिबल का दोहन। लागू RDSO विनिर्देश IRS T-19-2 021 Rev.7.0 है, लागू STR (तकनीकी आवश्यकता का अनुसूची) TDG0017, ver 4.0, आवश्यक की सूची एनेक्सोर-ए के अनुसार उपभोग्य सामग्रियों (ड्राइंग में परिवर्तन, तकनीकी आवश्यकता की अनुसूची (STR) RDSO द्वारा जारी किए गए विनिर्देशों को निविदा उद्घाटन तिथि से एक दिन पहले तक जारी किया जायेगा।

| परेषिती | एसएसई/पी-वे/स्टोर/एसयूआर | महाराष्ट्र | 8000.00 नग |
|---|---|---|---|

यूवीएएम आइटम संदर्भ.: (आइटम आईडी): - 3100494 - एल्यूमिनियम थर्मिट प्रक्रिया द्वारा रेल की फ्यूजन वेल्डिंग, उप आइटम आईडी: - 3100494009 - 60kg/60e1 (R-260 ग्रेड) के लिए रेल के साथ २५ मिमी के नाममात्र अंतराल के साथ कैप / ऑक्सी एलपीजी / ऑक्सी प्रोपेन के साथ ३ पीस मोल्ड (ज-वेशेड) के साथ पूर्वाभास)

निरीक्षण विवरण: चरण निरीक्षण का आवश्यकता नहीं है।

| | |
|---|---|
| बयाना राशि | भा.रु. (INR) रुपये 292640.00/- |
| www.ireps.gov.in पर निविदा बंद होने की तिथि और समय | 02-09-2025, 11:30 बजे के बाद |

संभावित निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे निविदा बंद होने की तिथि से पहले वेबसाइट को बार-बार देखें ताकि इस निविदा के लिए जारी किए गए किसी भी परिवर्तन/सुधार को नोट किया जा सके। वेबसाइट: www.ireps.gov.in.

वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक

SUN 76 टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करें

## संक्षेप

### पेपरलीक मामले में छात्रों पर लाठीचार्ज

**सुल्तानपुर में कांग्रेस का प्रदर्शन, राष्ट्रपति को लिखा पत्र, दोषियों पर कार्रवाई की मांग**

सुलतानपुर, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शकील अंसारी ने शनिवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। उन्होंने राष्ट्रपति को संबोधित पत्र सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। इस पत्र में एसएससी परीक्षाओं में अनियमितताओं के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए लाठीचार्ज का मामला उठाया गया है। पत्र में बताया गया है कि गुरुवार को स्टाफ सेलेक्शन कमीशन की परीक्षाओं में अनियमितता के खिलाफ छात्रों और अध्यापकों ने जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया था। आरोप है कि केंद्र सरकार के इशारे पर निहत्थे छात्रों और शिक्षकों पर लाठीचार्ज किया गया। इस घटना में कई छात्र और शिक्षक घायल हुए। कांग्रेस नेता ने पत्र में लिखा है कि छात्रों और शिक्षकों ने सरकार से सवाल किया था कि परीक्षा के प्रश्नपत्र बार-बार लीक क्यों हो रहे हैं। साथ ही उन्होंने यह भी पूछा कि परीक्षा केंद्र 500 किलोमीटर दूर क्यों बनाए गए। और वहां पहुंचने पर परीक्षा रद्द क्यों कर दी गई। पत्र के अनुसार, एसएससी की परीक्षा में 30 लाख से अधिक परीक्षार्थियों ने निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया की मांग की थी। कांग्रेस ने राष्ट्रपति से चार प्रमुख मांगें की हैं।

### प्रेमिका के सामने प्रेमी ने काटा गला

**सूरत से मिलने आया था, साथ चलने की जिद कर रहा था; मना करने पर ब्लेड से काट लिया**

सुलतानपुर, एक प्रेम प्रसंग में युवक ने अपनी प्रेमिका के सामने ब्लेड से अपना गला काट लिया। घटना कोतवाली नगर के कुड़वार नाका स्थित ओवर ब्रिज के नीचे हुई। जानकारी के अनुसार, कुड़वार थाना अंतर्गत अलीगंज रोड निवासी 26 वर्षीय बादल पुत्र राजेंद्र पाल सूरत में एक कंपनी में काम करता था। वहीं पर कुड़वार थाना क्षेत्र की एक महिला भी काम करती थी। यह महिला विधवा है और उसके दो बच्चे भी हैं। पति की मृत्यु के बाद महिला ने परिवार चलाने के लिए सूरत में नौकरी शुरू की थी। बाद में बच्चों के प्रेम में वह वापस लौट आई और यहां एक मॉल में काम करने लगी। सूरत में काम के दौरान उसका अफेयर बादल से हो गया।

### लंभुआ तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस

**183 शिकायतों में से केवल 8 का मौके पर हुआ निस्तारण, शेष के लिए 15 दिन का समय**

सुलतानपुर, लंभुआ तहसील के सभागार में जुलाई माह के अंतिम शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गामिनी सिंगला की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 183 शिकायतें दर्ज हुईं। इन शिकायतों में सबसे अधिक राजस्व विभाग से संबंधित 126 शिकायतें थीं। पुलिस विभाग से 27, विकास विभाग से 15 और अन्य विभागों से 7 शिकायतें प्राप्त हुईं। कुल शिकायतों में से मात्र 8 का निस्तारण मौके पर ही किया गया।

# बाढ़ प्रभावित इलाकों में संक्रमण रोकने पर जोर

## प्रयागराज नगर निगम ने कीटनाशक और ब्लीचिंग छिड़काव के लिए लगाई टीमें

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



प्रयागराज, गंगा और यमुना का जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। शहर के बड़े इलाके में इस समय बाढ़ का पानी भर गया है। जिसके कारण करीब चार हजार लोगों को अपना घर छोड़कर राहत शिविरों में शरण लेना पड़ रहा है। ऐसे में बाढ़ प्रभावित इलाकों में किसी भी प्रकार का संक्रमण ना फैले। इसको देखते हुए नगर निगम की तरफ से विशेष इंतजाम किए गए है। इन इलाकों में निगम की तरफ से कीटनाशक, मैलाथियान और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया जा रहा है। जिससे मच्छरों के साथ ही दूसरी संक्रामक बीमारियों को रोका जा सके। गंगा यमुना के निकटवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोग बाढ़ से प्रभावित है। ऐसे में शनिवार को नगर आयुक्त सीलम साईं तेजा ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में समुचित साफ-सफाई के निर्देश दिए। बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र-नागवासुकी, छोटा बघाड़ा का निरीक्षण किया गया। निरन्तर जल वृद्धि के कारण किनारों पर जलकुम्भी तथा कचरा आदि का जमाव, आबादी वाले क्षेत्र में एक मंजिल तक पानी भरा है द्वितीय तल पर शिफ्ट हुए लोगों का रेस्क्यू आदि की समस्या निरन्तर बनी रहती है। नगर आयुक्त ने नागवासुकी रोड के पास बहकर आयी जलकुंभी तथा कचरे की सफाई के निर्देश दिए। साथ ही एनडीआरएफ टीम को बाढ प्रभावित क्षेत्रों में फसे लोगो को रेस्क्यू किये जाने के निर्देश दिये। तीनों शिफ्टों में कर्मचारी लगाकर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के साथ निरन्तर चूना, ब्लीचिंग पाउडर तथा मैलाथियान/कीटनाशक दवाओं के छिड़काव के निर्देश अपर नगर आयुक्त तथा सहायक नगर आयुक्त को दिये। नगर आयुक्त ने बाढ राहत शिविर एनी बेसेन्ट गर्ल्स इण्टर मीडिएट कालेज का निरीक्षण किया। इस दौरान शिविर में जल भराव के कारण विस्थापित हुए लगभग 600 से अधिक लोगों ने शरण ली हुई है, मौके पर पेयजल टैंकर, शौचालय, नहाने की व्यवस्था करायी गयी है। नगर आयुक्त ने शरणार्थियों से इस सम्बन्ध में जानकारी ली। लोगों ने बताया कि सुबह नास्ते में चाय और केले के साथ भोजन की भी व्यावस्था की गयी है एवं किसी भी प्रकार की समस्या नही है। नगर आयुक्त ने नियमित पेयजल तथा शौचालय आदि की सफाई के साथ अपर नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि सभी बाढ राहत शिविरों का निरन्तर निगरानी करते रहें साथ ही सम्बन्धित ड्यूटी में लगाये गये कर्मचारियों से समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें, साथ ही साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। नगर आयुक्त बाढ़ पम्पिग स्टेशन मोरीघाट भी पहुंचे और उसके बारे में जानकारी ली। घाट पर सभी पम्प ठीक से कार्य करते हुए पाये गये।

# पुलिस ने फरार वारंटी को दबोचा

## एससी/एसटी एक्ट के मामले में फरार आरोपी का कोर्ट से था जारी वारंट

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



प्रयागराज, थाना घूरपुर पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी हरिश्चन्द्र सोनकर को गिरफ्तार कर लिया। वह एससी/एसटी एक्ट के तहत दर्ज प्रकरण में वांछित था। न्यायालय की ओर से गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। पुलिस ने उसे थाना घूरपुर क्षेत्र में स्थित उसके निवास से गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई को उपनिरीक्षक अमित यादव और उपनिरीक्षक अमित कुमार पाल की टीम ने अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार, हरिश्चन्द्र सोनकर को पकड़ने के लिए पहले भी कई बार दबिश दी गई थी। हर बार वह पुलिस को चकमा देकर भाग जाता था। इस बार मुखबिर से मिली सूचना पर सुनियोजित कार्रवाई करके उसे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तारी के बाद न्यायालय में पेश किया गया। वहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस अभियुक्त के अन्य आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है। अन्य मामलों में संलिप्तता पाई जाने पर अलग से कार्रवाई की जाएगी। कमिश्नरेट प्रयागराज के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने घूरपुर थाना पुलिस टीम को बधाई दी है। उन्होंने अन्य लंबित वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए भी सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

# स्वतंत्रता सेनानी के घर पर दबंगों का कब्जा

- जेसीबी से गिराया चार कमरों का मकान, कोर्ट से स्टे के बावजूद की कार्रवाई

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



अमेठी जिला, एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के घर को दबंगों ने जेसीबी से गिरा दिया है। मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के तेजगढ़ मेहरबान का पुरवा गांव में हुई इस घटना में पीड़ित बुजुर्ग की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राम आश्रय यादव ने जनवरी 2001 में गांव के निकउ पुत्र गिरजा से जमीन का बैनामा लिया था। इस जमीन पर उन्होंने चार कमरों का मकान बनाया था। 2022 से विपक्षी लोग बुजुर्ग के खिलाफ थाने में शिकायतें करने लगे। इसके बाद राम आश्रय ने गौरीगंज तहसील और दीवानी न्यायालय में वाद दायर किया। न्यायालय से उन्हें स्टे भी मिल गया था। 23 जुलाई तक सब कुछ ठीक था, लेकिन 24 जुलाई की रात विपक्षी बृजलाल अपने परिजनों के साथ जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचा और पूरे मकान को जमींदोज कर दिया। घटना के समय राम आश्रय घर से दूर थे, इसलिए उन्हें तुरंत जानकारी नहीं मिल पाई। जब वे मौके पर पहुंचे तो देखा कि पूरा मकान गिरा हुआ था। इसके बाद उन्होंने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बृजलाल पासी, कमलेश, शिव बहादुर और अन्नू के खिलाफ धारा 352, 351(3) और 324(4) के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़ित का आरोप है कि कोर्ट से स्टे के बावजूद दबंगों ने मकान गिरा दिया और प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की।

# पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी

## सुलतानपुर में 435045 किसानों को मिला लाभ, 80 गांवों में देखा गया सीधा प्रसारण

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**




सुलतानपुर, कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी करने के समारोह का सजीव प्रसारण किया गया। वाराणसी में आयोजित पीएम किसान उत्सव दिवस में प्रधानमंत्री द्वारा जारी की गई इस किस्त का लाभ जनपद के 435045 किसानों को मिला है। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक, प्रभारी/वरिष्ठ वैज्ञानिक, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

कार्यक्रम में लगभग 350 किसानों ने हिस्सा लिया। समारोह के दौरान किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं और खरीफ में तिलहनी फसलों की खेती के बारे में जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र, उद्यान विभाग और मत्स्य विभाग द्वारा भी अपनी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर पीएम किसान की 20वीं किस्त पाने वाले किसानों राम नारायण उपाध्याय, डॉ. राधारमण सिंह, सेतराम वर्मा और राम कलप वर्मा को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। छेदीलाल, जबीउल्ला, इदरीश और सुरेश कनौजिया को मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी वितरित किए गए। कृषि विज्ञान केंद्र ने बकरी और सूकर पालन करने वाले किसानों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किए। जनपद के सभी विकास खंडों के कक्षों में भी कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। विकास खंड लम्भुआ में विधायक सीताराम वर्मा, कुड़वार में भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी और अन्य विकास खंडों में ब्लॉक प्रमुखों ने भाग लिया। जनपद के 80 गांवों में भी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कराया गया।

# मालगाड़ी से कटी युवती

- रेलवे स्टेशन के पास अज्ञात लड़की की मौत, पहचान की कोशिश जारी

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



अमेठी तहसील, रेलवे स्टेशन स्थित टैक्सी स्टैंड के पास एक हादसा हो गया। एक 20 वर्षीय अज्ञात युवती मालगाड़ी की चपेट में आकर कट गई। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना देखने वाले टैक्सी चालकों और राहगीरों ने तुरंत आरपीएफ को सूचना दी। सूचना मिलते ही आरपीएफ पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर युवती की पहचान की कोशिश शुरू की। अभी तक मृतका की शिनाख्त नहीं हो सकी है। उसके पास से कोई पहचान पत्र भी बरामद नहीं हुआ है। पुलिस इस घटना को संदिग्ध मानकर जांच कर रही है। अधिकारियों के अनुसार अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि युवती ने आत्महत्या की है या यह एक हादसा था। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है ताकि घटना के बारे में अधिक जानकारी मिल सके।

# मल्लूपुर शिव मंदिर पर हवन-पूजन और भंडारे का आयोजन

## मां कालिका कांवड़िया समिति ने कराया भोजन, ग्रामवासियों के सहयोग से हुआ कार्यक्रम

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



अमेठी, अमेठी में क्षेत्र के मल्लूपुर प्राथमिक विद्यालय के समीप स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में शनिवार को विशेष धार्मिक आयोजन हुआ। मां कालिका कांवड़िया समिति की ओर से हवन-पूजन और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत ॐ नमः शिवाय के मंत्रोच्चारण और जलाभिषेक से हुई।

सभाजीत शुक्ला, सूर्य प्रकाश शुक्ला और संजय शुक्ला ने बताया कि सावन माह के पावन अवसर पर यह आयोजन किया गया। प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी भंडारे का आयोजन हुआ। इसमें क्षेत्र के कई गांवों से आए करीब पांच हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में राम पांडे, आशीष पांडे, आशीष शुक्ल, संदीप प्रजापति, प्रेम प्रजापति, श्याम मोहन पांडेय, बंशी गुप्ता समेत अन्य कांवड़िया श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।

# अवैध तमंचा फैक्ट्री का भंडाफोड़

## क्वार्सी पुलिस ने 10 तमंचे और अधबने सामान के साथ चार अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**




अलीगढ़, थाना क्वार्सी पुलिस ने सर्विलांस टीम के साथ मिलकर अवैध तमंचा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से 10 बने हुए तमंचे और तमंचा बनाने के उपकरण बरामद किए हैं।

इस कार्रवाई में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। क्षेत्राधिकारी तृतीय शर्वम कुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि थाना क्वार्सी क्षेत्र में चल रही तमंचा फैक्ट्री की सूचना मिलने पर सर्विलांस टीम के साथ घेराबंदी की गई। इस दौरान पुलिस ने 10 बने तमंचे, कुछ अधबने तमंचे और तमंचे बनाने का सामान बरामद किया। पुलिस ने क्वार्सी क्षेत्र के डिवाइन होम्स कॉम्प्लेक्स के सामने स्थित सरकारी टंकी की चारदीवारी के जर्जर भवन से चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में योगेश (निवासी पला, थाना मडराक), अरविंद (निवासी बसौली, थाना गोंडा), सुभाष (निवासी सासनी गेट) और रामप्रकाश (निवासी धनीपुर मंडी) शामिल हैं।

अलीगढ़ पुलिस समय-समय पर अवैध कार्य करने वालों के खिलाफ सख्त अभियान चलाती रहती है। इसी अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है। सभी चारों आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है।

# दो पक्षों में हुई गोलीबारी

## पुरानी रंजिश में हुई फायरिंग में दो लोग घायल, आरोपी ने खुद को भी गोली मारी

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



मथुरा, थाना छाता क्षेत्र के गांव बिड़ावली में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद ने कुछ ही देर में बड़ा रूप ले लिया और फायरिंग शुरू हो गई। इस फायरिंग में एक पक्ष के दो लोग गोली लगने से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले गई। इसी दौरान गोली मारने वाले आरोपी ने पुलिस की कार्यवाही से बचने के लिए खुद को भी गोली मार ली। मथुरा के थाना छाता क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बिडावली के पास जंगल में शनिवार को गोली चलने की वारदात सामने हुई। यहां छाता कस्बा निवासी रवि पुत्र नून्हा उर्फ हरप्रसाद ने पुरानी रंजिश के चलते 35 वर्षीय सुनील पुत्र तेजराम निवासी सींगू थोक और 55 वर्षीय गोपाल पुत्र उदय निवासी बरौली को गोली मार दी। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोग और परिजन घायलों को के.डी. हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने गोपाल और सुनील का इलाज शुरू कर दिया सूचना मिलते ही पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई। लेकिन इसी बीच आरोपी रवि ने हाईवे स्थित एक पेट्रोल पंप के सामने खुद को भी बाएं कंधे में गोली मार ली।

# गोमती नदी में डूबने से अधेड़ की मौत

## कमनगढ़ गांव में नहाने के दौरान गहरे पानी में जाने से हादसा, स्थानीय लोगों ने निकाला शव

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



सुलतानपुर, देहात कोतवाली क्षेत्र के कमनगढ़ गांव में शनिवार शाम एक दुखद घटना घटी। गांव के 46 वर्षीय रामू निषाद की गोमती नदी में डूबने से मौत हो गई। रामू निषाद, जो मेवालाल के पुत्र हैं, नदी की ओर गए थे। वह नहाने के लिए नदी में उतरे और अचानक गहरे पानी में चले गए। आसपास मौजूद लोगों ने जब उन्हें डूबते देखा तो तुरंत बचाने की कोशिश शुरू की। लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें नदी से बाहर निकाला। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और रामू की मौत हो चुकी थी। इस दुखद घटना की खबर से पूरे गांव में शोक का माहौल है। देहात कोतवाल अखंड देव मिश्रा ने इस घटना के बारे में कहा कि उन्हें अभी तक कोई औपचारिक सूचना नहीं मिली है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# तेंदुए के हमले से अधेड़ हुआ घायल

## एसडीएम की मौजूदगी में तेंदुए ने फिर किया हमला, घायल को पंहुचाया अस्पताल

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



अमेठी जिला, मुसाफिरखाना क्षेत्र के विरईपुर गांव में एसडीएम अभिनव कनौजिया और वन क्षेत्राधिकारी ज्योतिर्मय की मौजूदगी में तेंदुए ने दोबारा हमला कर दिया। इस हमले में एक 55 वर्षीय छोटेलाल और एक भैंस घायल हो गई है। एसडीएम ने तुरंत अपने वाहन से घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सीएससी मुसाफिरखाना पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है।

इससे पहले भी तेंदुए ने खेत में काम कर रहे दो युवकों पर हमला किया था। दोनों का इलाज सीएससी मुसाफिरखाना में चल रहा था, जिनमें से एक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। तेंदुए के हमलों की खबर आस-पास के गांवों में फैलते ही पूरे इलाके में सन्नाटा छा गया है। लोग डर के मारे अपने घरों में कैद हो गए हैं। ग्रामीण प्रशासन के खिलाफ आक्रोशित हैं। उनका कहना है कि प्रशासन अभी तक तेंदुए को पकड़ने के लिए न तो कोई विशेष टीम बुलाई है और न ही कोई ठोस कार्रवाई की है। ग्रामीण सुबह से लाठी-डंडा लेकर अपने पशुओं और छोटे बच्चों की सुरक्षा कर रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर प्रशासन जल्द ही तेंदुए को नहीं पकड़ता है तो यह किसी की जान भी ले सकता है।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी